# सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-113
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

इंदौर, रविवार 28 जुलाई 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार




**आज का विचार**

उम्मीद रखना ऊँची उड़ानों की छांव में
ना खो जाना तुम, ठोकरों से सीख
लेना ज़रा सफर जारी रखना तुम।

## सिंगल कॉलम

### आज मनु भाकर साधेंगी स्वर्ण पर निशाना, सिंधू और निकहत भी शुरू करेंगी अभियान



**पेरिस।** भारत की मनु भाकर महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के क्वालिफिकेशन में तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। वहीं, भारत की ही रिदम सांगवान फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहीं। आत्मविश्वास से भरी मनु ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ओलंपिक खेलों में भारत के अन्य निशानेबाजों की खराब शुरूआत को पीछे छोड़कर देशवासियों के मन में पदक की आस जगाई है। इसका फाइनल रविवार को दोपहर साढ़े तीन बजे से खेला जाएगा। 22 साल की भाकर ने क्वालिफिकेशन में 580 का स्कोर करके तीसरा स्थान हासिल किया, जिसमें हंगरी की निशानेबाज वेरोनिका मेजर ने 582 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहीं। इस स्पर्धा में चुनौती पेश कर रही रिदम सांगवान 573 के स्कोर के साथ 15वें स्थान पर रहीं। मनु भारत के लिए पदक का खाता खोल सकती हैं।

### रेप केस में भाजपा पार्षद शानू को मिली अग्रिम जमानत



**इंदौर।** रेप के एक केस में आरोपी बनाए गए भाजपा पार्षद शानू उर्फ नितिन शर्मा को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जयदीप सिंह की कोर्ट ने शुक्रवार को अग्रिम जमानत दे दी। दो दिन पहले द्वारकापुरी थाने पर भाजपा पार्षद शानू शर्मा के खिलाफ एक महिला ने रेप का केस दर्ज कराया था। इसमें महिला ने आरोप लगाया था कि कोरोना के समय वह आर्थिक रुप से परेशान थी। मदद के लिए उक्त पार्षद के पास गई थी तो तब मदद के बहाने उन्होंने शारीरिक शोषण किया और जान से मारने की धौंस दी। कोर्ट में पीड़िता ने उपस्थित होकर शपथ पत्र के साथ कहा कि उसका आरोपी से विवाद हो जाने के कारण रिपोर्ट लेख कराई थी और अब पीड़िता आरोपी के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं चाहती है। कोर्ट ने अग्रिम जमानत अर्जी स्वीकार करते हुए शर्त रखी है कि आरोपी पुलिस विवेचना में सहयोग करेगा, साक्षियों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष धमकी नही देगा। कोर्ट ने अनुसंधान अधिकारी को यह अधिकार दिया है कि यदि आरोपी अनुसंधान के दौरान सहयोग नहीं करे तो वह अग्रिम जमानत निरस्त कराने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत करे।

विदेश मंत्रालय ने लोकसभा में सवाल का जवाब देते हुए दी जानकारी

# पांच साल में 41 देशों में 633 भारतीय छात्रों की मौत

कनाडा में सबसे ज्यादा 172 की मौत हुई, उसके बाद अमेरिका में 108 स्टूडेंट्स ने दम तोड़ा

**नई दिल्ली।** विदेशों में पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों के लिए एक चिंताजनक खबर सामने आई है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, पिछले पांच सालों में 41 देशों में कम से कम 633 भारतीय छात्रों की मौत हुई है। सबसे ज्यादा 172 मौतें कनाडा में हुई हैं। 19 छात्रों ने तो हिंसक हमलों में जान गंवाई है। वहीं मौत के कारणों में प्राकृतिक कारण, दुर्घटनाएं और मेडिकल इमरजेंसी भी शामिल हैं। यह जानकारी केरल के सांसद कोडिकुन्निल सुरेश के एक सवाल पर विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने लोकसभा के मानसून सत्र में दी। विदेश मंत्री ने लिखित जवाब में बताया कि कनाडा में सबसे ज्यादा 172 भारतीय छात्रों की मौत हुई है। उसके बाद अमेरिका में 108 स्टूडेंट्स ने दम तोड़ा। ब्रिटेन में 58, ऑस्ट्रेलिया में 57, रूस में 37 और जर्मनी में 24 छात्रों की मौत हुई है। पड़ोसी देश पाकिस्तान से भी एक छात्र के मौत की खबर है। हालांकि, विदेशों में भारतीय छात्रों पर हिंसक हमलों के बारे में पूछे गए एक अन्य सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय मिशन/पोस्ट के पास मौजूद आंकड़ों से हाल में विदेश गए भारतीय छात्रों के खिलाफ हिंसा में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।



### हिंसक हमलों में 19 छात्रों ने गंवाई जान

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि विदेशों में हिंसक हमलों में 19 छात्रों ने जान गंवाई है। आंकड़ों के अनुसार, कनाडा में सबसे ज्यादा 9 छात्रों की मौत हुई है। उसके बाद अमेरिका में 6 और ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, चीन और किर्गिस्तान में एक-एक छात्र की जान गई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय मिशन/पोस्ट की ओर से विदेशों में अप्रिय घटनाओं के मामले आने पर तुरंत उस देश के संबंधित अधिकारियों के समक्ष इसे उठाया जाता है। ऐसा इसलिए किया जाता है जिससे सुनिश्चित हो सके कि मामले की उचित जांच की जाए और दोषियों को दंडित किया जाए। आपात स्थिति या संकट में भारतीय मिशन/पोस्ट विदेशों में फंसे हुए भारतीय छात्रों को खाना, रहने का ठिकाना, दवाएं प्रदान करके और जल्द से जल्द उनके भारत लौटने या वहां से निकालने की कवायद करते हैं।

### आपात स्थिति में चलाए गए ये रेस्क्यू ऑपरेशन

हाल ही में, दुनिया भर के देशों से फंसे हुए भारतीय छात्रों को वंदे भारत मिशन, ऑपरेशन गंगा (यूक्रेन) और ऑपरेशन अजय (इजराइल) के माध्यम से भारत लाया गया था। बांग्लादेश से कई भारतीय छात्रों की वापसी को भी हमारे उच्चायोग ने सुगम बनाया था। टएअ ने आगे कहा कि विदेशों में भारतीय मिशन/पोस्ट हायर एजुकेशन के लिए विदेश यात्रा करने वाले भारतीय छात्रों को रजिस्ट्रेशन के लिए भी प्रोत्साहित करते हैं। साथ ही टअऊअऊ पोर्टल से भी जुड़ने की कवायद करते हैं। जिससे उनकी शिकायतों और लंबित मुद्दों का तय समय पर समाधान किया जा सके।

### विदेश में अभी 1.33 मिलियन भारतीय स्टूडेंट्स कर रहे पढ़ाई

विदेशों में उच्च शिक्षा हासिल करने वाले भारतीय छात्रों की कुल संख्या 2024 में 1.33 मिलियन है। लोकसभा में पेश टएअ के आंकड़ों से संकेत मिलता है कि पिछले तीन वर्षों में विदेशों में पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है। 2022 में यह संख्या 0.75 मिलियन थी जो 2023 में बढ़कर 0.93 मिलियन हो गई और अब 1.33 मिलियन है। इस साल 1 जनवरी तक 101 देशों में हायर एजुकेशन हासिल कर रहे 13.35 लाख भारतीय छात्रों के बारे में टएअ की ओर से आंकड़ा पेश किया गया। इनमें सबसे ज्यादा 4.27 लाख छात्र कनाडा में, उसके बाद 3.37 लाख छात्र अमेरिका में, 1.85 लाख छात्र ब्रिटेन में पढ़ाई कर रहे हैं। टएअ के जवाब से संकेत मिलता है कि युद्धग्रस्त यूक्रेन में 2510 भारतीय छात्र अभी भी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

## परिवहन निगम को 30 वर्षों के लिए लीज पर मिलेगी भूमि

देवबंद में बन सकेगा आधुनिक बस स्टैंड

**सुरेंद्र सिंघल,वरिष्ठ पत्रकार**

**सहारनपुर । देवबंद,** उत्तर प्रदेश के नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने देवबंद नगर पालिका की भूमि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को 30 वर्षों के लिए लीज पर देने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। एक लाख से ज्यादा की आबादी वाले प्रमुख नगर देवबंद में अभी पालिका की किराए की जगह पर नामचारे का बस अड्डा संचालित है। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने देवबंद के प्रमुख लोगों की मांग पर पालिका की जगह लीज पर लेने का कई माह पूर्व तत्कालीन जिलाधिकारी अखिलेश सिंह से किया था। जिनके प्रयासों से देवबंद पालिका के अधिशासी अधिकारी डा. धीरेंद्र कुमार राय सभी औपचारिकताएं पूरी कर जिलाधिकारी की मंशानुसार पत्र भेज दिया था। अखिलेश सिंह ने अपनी संस्तुति के साथ पत्र नगर विकास विभाग लखनऊ को इस आशय के साथ भेजा था कि लीज की कार्रवाई पूरी हो जाए। अखिलेश सिंह के बाद आए जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने भी इस संबंध में स्मरण पत्र प्रमुख सचिव नगर विकास को भेजा था। इसी माह की 23 जुलाई को प्रदेश के काबिना मंत्री अनिल कुमार ने इस संबंध में नगर विकास प्रमुख सचिव को पत्र भेजकर देवबंद के लोगों की मांग पूरा करने का आग्रह किया था। प्रमुख सचिव नगर



विकास अमृत अभिजात ने देवबंद में आधुनिक बस निर्माण कराने की उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की योजना की सराहना की और उसे 30 साल के लिए पालिका की भूमि जो पहले से ही उनके पास किराए पर है लीज पर देने के निर्देश दिए। सारी औपचारिकताएं पूरी हो जाने के बाद देवबंद के लोगों को सुविधा संपन्न बस स्टैंड सुलभ हो जाएगा।

प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र सिंघल को बताया कि वह खुद भी अपने स्तर से परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों से संपर्क कर इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराने का प्रयास करेंगे। ध्यान रहे कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार पिछले हफ्ते देवबंद आए थे जहां जागरूक नागरिकों ने उनसे इस संबंध में उनकी सहायता चाही थी। अनिल कुमार का अपना गृह जनपद भी सहारनपुर है। उन्होंने कहा कि वह इस जिले का भी पूरा ध्यान रखेंगे।

### अगले महीने यूक्रेन जाएंगे मोदी



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी अगले महीने यानी अगस्त में यूक्रेन का दौरा करेंगे। 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद पीएम की यह पहली यात्रा होगी। इससे पहले इटली में हुए जी7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की भेंट हुई थी। तब दोनों नेताओं ने गले लगकर गर्मजोशी से एकदूसरे का स्वागत किया था। जेलेंस्की ने मोदी को 2024 का लोकसभा चुनवा जीतने पर बधाई भी दी थी। माना जा रहा है कि मोदी 23 अगस्त को यूक्रेन के दौरे पर निकल सकते हैं। सितंबर 2022 में उज्बेक शहर समरकंद में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ एक द्विपक्षीय बैठक में, पीएम मोदी ने कहा था कि आज का युग युद्ध का नहीं है। रूसी नेता को यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करना चाहिए। उनके संदेश को विश्व नेताओं से प्रशंसा भी मिली थी। युद्ध शुरू होने के बाद से भारत ने कहा है कि इसे केवल बातचीत और कूटनीति के माध्यम से हल किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत किसी भी शांति प्रयासों में योगदान करने के लिए तैयार है।

### अगले माह अंतरिक्ष स्टेशन जाएगा भारतीय एस्ट्रोनॉट

**नई दिल्ली।** भारत जल्द ही इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में अपना पहला अंतरिक्ष यात्री भेजने की तैयारी में हैं। मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में इस बात का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का एक गगनयात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा करेगा। यह इसरो, नासा और एक निजी कंपनी, अ7ङ्मे रस्रू, के बीच एक संयुक्त मिशन होगा। इस मिशन के लिए इसरो ने अ7ङ्मे रस्रू के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह मिशन अगस्त 2024 में फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जा सकता है। इसरो के एक अधिकारी ने कहा कि नासा और अ7ङ्मे रस्रू ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए चौथे प्राइवेट अंतरिक्ष यात्री मिशन के लिए एक ऑर्डर पर साइन किए हैं। इसे फ्लोरिडा स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर से अगस्त 2024 के पहले लॉन्च की संभावना नहीं है। इंटरनेशनल स्पेश मिशन के लिए चुने गए गगनयात्री, उन चार भारतीय वायु सेना पायलटों में से एक होंगे, जिन्हें गगनयान मिशन के लिए ट्रेंड किया जा रहा है।

## इंदौर-भोपाल सहित 20 जिलों में झमाझम बारिश

छिंदवाड़ा समेत आठ जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी, नर्मदा का जलस्तर बढ़ा

**भोपाल।** मप्र में भी तेज बारिश का दौर जारी रहा। भोपाल, इंदौर समेत 20 जिलों में तेज बारिश हुई। भारी बारिश के चलते डैमों में लगातार जलस्तर बढ़ रहा है। पिछले एक सप्ताह से भारी बारिश का दौर रहने से प्रदेश में एवरेज से ज्यादा पानी गिर गया है। प्रदेश में अब तक सामान्य 15.7 इंच बारिश हो चुकी है, जो 1त्न अधिक है। पश्चिमी हिस्से- भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर-चंबल संभाग में एवरेज से 4% ज्यादा पानी गिर चुका है, जबकि पूर्वी हिस्से- रीवा, सागर, जबलपुर और शहडोल संभाग में 1% कम बारिश हुई है। भारी बारिश से छिंदवाड़ा के माचागोरा डैम के दो गेट खोले गए। रायसेन के बारना नदी पर बने डैम के 6 गेट खोले गए। इसका पानी शनिवार रात 3 बजे तक नर्मदापुरम के सेठानीघाट पर पहुंचेगा। इससे नर्मदा



का जलस्तर 3 फीट तक बढ़ जाएगा। शनिवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन, बैतूल, मंडला, नरसिंहपुर, सतना, रायसेन, मलाजखंड, शिवपुरी, खंडवा, धार, टीकमगढ़, जबलपुर, सागर में भी तेज बारिश हुई। नर्मदापुरम में 4 इंच पानी बरस गया। पचमढ़ी में 3.9 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। शाजापुर में 3.4 इंच पानी गिरा। गुना, सिवनी, छिंदवाड़ा, खरगोन में 1 इंच या इससे ज्यादा पानी गिरा। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में विदिशा, रायसेन, हरदा, बैतूल, जबलपुर और बालाघाट में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

भाजपा सांसद ने अपनी ही सरकार को घेरा, बोले- जिस तेजी के साथ रेल यात्रियों की संख्या बढ़ी है, उस हिसाब से बोगियों की संख्या नहीं बढ़ाई गई

# सांसदों की सिफारिश पर भी ट्रेन में नहीं मिल रही कन्फर्म टिकट

**नई दिल्ली।** इन दिनों सोशल मीडिया पर ट्रेनों में भीड़ और यात्रियों को जगह नहीं मिलने की तस्वीरें जमकर वायरल हो रही है। इस बीच संसद के मॉनसून सत्र में भी ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों को सीट नहीं मिलने का मुद्दा गूंजा। हालात ये है कि सांसदों के सिफारिशी पत्रों के बाद भी आम लोगों की वेटिंग टिकट कंफर्म नहीं हो रही है। दरअसल, रेल यात्रियों को हो रही इस परेशानी की गूंज संसद के मॉनसून सत्र के दौरान राज्यसभा में भी सुनाई दी। ये मामला विपक्षी दल के सांसद नहीं बल्कि सत्ताधारी दल भाजपा के सांसद ने उठाया। झारखंड से राज्यसभा सांसद आदित्य कुमार ने राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान सदन में ये मामला उठाते हुए अपनी बताई। अपनी पीड़ा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि,उनके क्षेत्र में हर दिन ट्रेनों में टिकट नहीं मिलने को लेकर शिकायत आती रहती हैं। उनके द्वारा पत्र लिखने के बाद भी यात्रियों का ट्रेन में टिकट कंफर्म नहीं हो पाता है। इससे गांवों के लोग, गरीब, किसान, शोषित वर्ग के लोग ट्रेनों में सफर करने से वंचित रह जा रहे हैं। ट्रेन की यात्रा सस्ती और सुलभ है इसलिए लोग ट्रेनों में सफर करना पसंद करते हैं लेकिन टिकट कंफर्म नहीं हो पाने के चलते लोग यात्रा नहीं कर पा रहे हैं।



### दस हजार नए जनरल कोच का होगा निर्माण

रेल यात्रियों को हो रही इसी परेशानी को देखते हुए जुलाई के पहले हफ्ते में रेल मंत्री ने बताया था कि विशेष अभियान के तहत करीब 10,000 कोचों के निर्माण को मंजूर दी गई है। ये कोच जनरल ट्रेनों में जोड़े जाएंगे। जनरल ट्रेनों की बढ़ती डिमांड को देखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है, ताकि पैसेंजर्स की यात्रा को सुविधाजनक और आरामदायक बनाया जा सके। आधे कोच 2025 तक और बाकी के आधे कोच 2026 तक जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

### लोगों की टिकट प्रतीक्षा सूची में ही रह जा रही

सांसद ने आगे कहा कि, कई नई ट्रेनें चलाई जा रही है। नई ट्रेन चलाने के लिए पटरियां भी तेजी के साथ बिछाई जा रही हैं पर इतनी ही तेजी से रेल यात्रियों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। जिस कारण लोगों का वेटिंग टिकट कंफर्म नहीं हो पा रहा है और लोगों की टिकट प्रतीक्षा सूची में ही रह जा रही है जिसमें लोग लोग रेल सफर नहीं कर पा रहे हैं। राज्यसभा सांसद ने कहा, जिस तेजी के साथ रेल यात्रियों की संख्या बढ़ी है, उस हिसाब से बोगियों की संख्या नहीं बढ़ाई गई है। ट्रेनों में बोगी की कमी के चलते लोग यात्रा नहीं कर पा रहे हैं और वेटिंग टिकट कंफर्म नहीं हो पा रहा है। आदित्य कुमार ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से स्लीपर क्लास की बोगियों की संख्या को बढ़ाने की मांग की है जिससे लोग आसानी के साथ रेल यात्रा कर सकें।


सिटी चीफ
सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार
Fastest Growing Media Network
अवश्यकता है
इंदौर भोपाल जिले के सभी तहसीलो में दैनिक अख़बार और डिजिटल रिपोर्टर की।
डिजिटल और प्रिंट के लिये मार्केटिंग टीम (मेल/फीमेल) एवं हेल्परो की अवश्यकता हैं
डिजिटल मीडिया का क्रान्तिकारी कदम
डिजिटल भारत में खबरों के लिए देखे सिटी चीफ न्यूज़
रिपोर्टर बनने के लिए सम्पर्क करे
9755996590

## सिंगल कॉलम

### न्याय नगर में 7 अगस्त को रिमूवल की बड़ी कार्रवाई की तैयारी में है प्रशासन

**इंदौर।** न्याय नगर संस्था की कृष्ण बाग कॉलोनी में शुक्रवार को 15 मकानों को तोड़े जाने के बाद अब 7 अगस्त को प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई की तैयारी है। इस दिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के पालन में बचे 60 से ज्यादा मकानों को तोड़ा जाएगा। मामले में कलेक्टर आशीष सिंह ने स्पष्ट किया कि शुक्रवार को 10-12 मकानों को तोड़ा गया। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच दो बार आदेश जारी कर चुकी है। प्रशासन द्वारा रहवासियों को पहले ही तीन माह का समय दे चुका है। इसके बाद कोर्ट ने एक माह तक का समय और दिया था। इसकी अवधि 8 अगस्त को खत्म हो रही है। रहवासियों ने भी सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लगाई गई है। इसमें 6 अगस्त को सुनवाई है। अगर इसमें रहवासियों को राहत नहीं मिलती है तो 7 अगस्त को रिमूवल की बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पेड़ की छंटाई करते टहनी गिरने से मौत, दो के खिलाफ केस दर्ज

**इंदौर।** इमली की डाल सिर पर गिरने से मौत के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। राऊ थाना पुलिस ने मृतक अंबा राम की मौत के मामले में आरोपी घनश्याम दोलपुरिया निवासी रंगवासा और आरोपी देवराम चौधरी निवासी रंगवासा के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार घटना 22 जुलाई की है। घर से घनश्याम मृतक अंबा राम को इमली काटने के लिए देवराम चौधरी के घर रंगवासा लेकर गया था। देवराम चौधरी और घनश्याम धोलपुरिया ने बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के इमली की डाल काटी जो मृतक अंबा राम के ऊपर गिरी। सिर मे गंभीर चोट लगने से अंबा राम की मौत हो गई।

### इंदौर से कोटा के बीच हर मंगलवार चलेगी स्पेशल ट्रेन

**इंदौर।** सावन माह और राखी के त्योहार के मद्देनजर इंदौर और कोटा के यात्रियों को स्पेशल ट्रेन की सुविधा मिलने जा रही है। यह स्पेशल ट्रेन 30 जनवरी से 20 अगस्त तक चलेगी। इसका संचालन सप्ताह में मंगलवार को होगा। वैसे इंदौर से कई ट्रेनें कोटा होते हुए दिल्ली जाती है, लेकिन कोटा स्टेशन रात के समय यात्रियों को उतरना पड़ता है। स्पेशल ट्रेन अ?ोवरनाइट रहेगी। इंदौर-कोटा स्पेशन ट्रेन 09803 इंदौर से प्रति मंगलवार रात 10.40 बजे इंदौर से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 6.25 बजे कोटा पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन मंगलवार दोपहर 2.10 बजे कोटा से चलेगी और रात 9 बजे तक इंदौर पहुंचेगी। इस ट्रेन के स्टॉपेज देवास, उज्जैन, नागदा, महिदपुर, आलोट, रामगंज मंडी रहेंगे। 22 एलएचबी कोच से इस ट्रेन का संचालन होगा। 20 अगस्त के बाद यह ट्रेन बंद हो जाएगी।
तीन शहरों की उड़ानें हुई लेट इंदौर से जयपुर, उदयपुर और सूरत जाने वाली तीन उड़ानें तीन घंटे लेट रही। इससे उनके जाने का शेड्यूल भी गड़बड़ा गया। इंदौर से जयपुर जाने वाला विमान खराब हो गया था। इस कारण विमान तीन घंटे देरी से इंदौर पहुंचा। यह विमान उदयपुर और सूरत भी जाता है। इस कारण इन दोनो शहरों की उड़ानें भी लेट हो गई।

### सड़क किनारे बात कर रही युवती से मोबाइल झपटा, बाइक सवार बदमाशों पर केस

**इंदौर।** सड़क किनारे खड़ी होकर युवती को बात करना महंगा पड़ गया। बाइक सवार अज्ञात बदमाश उसका मोबाइल झपट कर भाग गए। पुलिस शिकायत के बाद बदमाशों का पता लगाने में जुटी है। महू थाना पुलिस ने 24 वर्षीय युवती की शिकायत पर बाइक सवार तीन युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना चाकू चौराहे के पास की है। पुलिस के अनुसार युवती रोड किनारे अपनी स्कूटी खड़ी कर फोन पर बात कर रही थी। तभी एक बाइक पर बैठे तीन अज्ञात युवक आए और उसका मोबाइल झपट कर छीन लिया और भाग गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल आरोपियों का पता लगाने में जुटी है।

### घर-गोदाम का ताला तोड़ जेवर, रुपए चुरा ले गए बदमाश

**इंदौर।** बदमाश घर का ताला तोड़ रुपए सहित सोने-सांदी के जेवर चुरा ले गए। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज किया है। आरोपियों का पता लगाने के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। कनाड़िया थाना पुलिस ने फरियादी निकुंज अग्रवाल उम्र 35 साल निवासी ब्लाक बी 03 फ्लेट नंबर 104 गुलमर्ग परिसर बिचौली हप्सी की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना 210 सेवा श्री धाम कालोनी कनाड़िया रोड की है। पुलिस के अनुसार कोई अज्ञात आरोपी ने फरियादी के घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखा सामान एक सोने की चेन, सोने की अंगूठी, सोने की एक कान की बाली, चांदी का सिक्का, चांदी की गाय, चांदी का कड़ा व नगदी रुपए को चुराकर ले गया। अमित तिवारी पिता आर.के तिवारी निवासी प्लाट नं. छ४ शिव श्रीधाम के घर का ताला भी टूटा हुआ था एवं घर में रखे नगदी रुपए व सोने का सामान कोई अज्ञात आरोपी चुराकर ले गया।

**इंदौर में होगा ग्लोबल हेल्थ सर्वे, युवाओं पर फोकस, 12 अगस्त को लगेंगे स्पेशल कैम्प**

# एक दिन 50 हजार लोगों की हेल्थ स्क्रीनिंग की तैयारी




**सिटी चीफ इंदौर।**
स्वच्छता में लगातार सात बार नंबर वन का खिताब जीतने के बाद अब स्वस्थ इंदौर बनाने की तैयारियां चल रही है। इसके लिए नॉन कम्युनिकेबल डिजीज के लिए ग्लोबल सर्वे किया जाएगा। इसमें एक दिन में 50 हजार से ज्यादा लोगों की हेल्थ स्क्रीनिंग करने की तैयारी है। सर्वे में युवाओं पर फोकस होगा। इसके लिए कॉलेजों के स्टूडेंट्स का सर्वे किया जाएगा। शनिवार को इसे लेकर कलेक्ट्रेट में सांसद शंकर लालवानी और कलेक्टर आशीष सिंह ने शहर के विभिन्न संगठन और कॉलेजों के प्राचार्य के साथ बैठक ली। इसमें हर रोज जांच के लिए तीन स्थानों पर कैंप आयोजित किए जाएंगे।

सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि इंदौर क्लीन सिटी , ग्रीन सिटी के बाद अब हेल्दी सिटी भी बनेगा। इसके लिए हेल्थ ऑफ इंदौर अभियान के तहत व्यापक प्रिवेंटिव हेल्थ सर्वेक्षण करवाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अब तक ढाई लाख से ज्यादा नागरिकों का प्रिवेंटिव हेल्थ चेकअप किया गया है।अभियान में अब युवाओं की भागीदारी भी जोड़ी जाएगी। इसके लिए आगामी 12 अगस्त को इंदौर शहर में युवाओं के प्रिवेंटिव हेल्थ चेकअप के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रयास यह किया जाएगा की यह हेल्थ चेकअप विश्रव स्तर का सबसे बड़ा हेल्थ चेकअप हो।

सांसद ने कहा कि हेल्थ ऑफ इंदौर अभियान नागरिकों को विभिन्न बीमारियों से बचाने का और जागरूक करने का अभियान है। आज के दौर में बदलती हुई जीवन शैली में नागरिकों, विशेष कर युवाओं में अनेक बीमारियां हो रही हैं। नागरिकों को बीमारियों से बचाने के लिए जरूरी है कि समय पर बीमारियां पता चले जिससे कि उसका इलाज हो सके। प्रारंभिक स्तर पर ही बीमारियों को समाप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि नागरिकों को स्वस्थ जीवन देना हमारी प्राथमिकता है । नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति लगातार इस अभियान के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। कलेक्टर आशीष सिंह ने शिविर स्थल के चयन के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस अभियान में विभिन्न कॉलेजों से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को जोड़ा जाएगा औ। उनका प्रिवेंटिव हेल्थ चेकअप कराया जाएगा। बैठक में डॉ.विनीता कोठारी ने हेल्थ ऑफ इंदौर अभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

दरअसल पिछली बार जो सर्वे हुआ था उसमें 18 से 30 वर्ष की उम्र के लोगों में 25त्न प्री-डायबिटीज मिले थे। इसके अलावा कोलेस्ट्रॉल, विटामिन डी की कमी, फैटी लिवर, किडनी की बीमारी भी इस वर्ग में ज्यादा पाई गई। अब जिला प्रशासन के सहयोग से मुख्यमंत्री के हेल्थ एमपी यूथ इनिशिएटिव अभियान के तहत रोज 50 हजार युवाओं की हेल्थ स्क्रीनिंग की जाएगी। इसमें लिवर, हार्ट, किडनी, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर आदि की जांच की जाएगी।

**29 जुलाई को दस्तावेजों के साथ विद्यार्थियों को पहुंचना होगा**

# दो एमएससी और तीन एमटेक कोर्स में मेरिट के आधार पर होंगे एडमिशन



**सिटी चीफ इंदौर।**
इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) पीजी की पहले चरण का काउंसिलिंग खत्म होने के बावजूद कई पाठ्यक्रम की सीटें खाली है। अब स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस से संचालित पांच पाठ्यक्रम की सीटों को भरने के लिए कॉलेज लेवल काउंसिलिंग (सीएलसी) रखी है।

इसके माध्यम से दो एमएससी-तीन एमटेक पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को दाखिला दिया जाएगा। आवेदन करने वाले छात्र-छात्राओं का 29 जुलाई को दस्तावेज के साथ बुलाया है। अधिकारियों के मुताबिक रिक्त सीटों पर मेरिट आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। एमएससी कंप्यूटर साइंस, साइबर सिक्यूरिटी, एमटेक कंप्यूटर साइंस, आईए और नेटवर्क मैनेजमेंट पाठ्यक्रम में 40 फीसद सीटें खाली हैं। इसके लिए विभाग ने सीएलसी का चरण रखा है। आवेदन के लिए विद्यार्थियों को पंद्रह दिनों का समय दिया था।

सीटों की तुलना में आवेदनों की संख्या कम सीटों की तुलना में अभी आवेदनों की संख्या कम है। वैसे विभाग ने आवेदन के आधार पर विद्यार्थियों की मेरिट बनाई जाएगी। उस पर छात्र-छात्राओं को सीटें आवंटित होगी। विभाग ने 29 जुलाई सुबह 10.30 बजे विद्यार्थियों को सीएलसी में भाग लेने के लिए रिपोर्टिंग करने के निर्देश दिए है। प्रवेश प्रक्रिया के आने वाले विद्यार्थियों को 10वीं-12वीं, स्नातक की अंकसूची, आधार आईडी-लाइसेंस, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, इडब्ल्यूएस सहित अन्य दस्तावेज लाने पर जोर दिया है। विभाग ने सभी मूल दस्तावेज भी साथ रखने को कहा है। विभागाध्यक्ष के मुताबिक पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर सीटें अलॉट होगी। स्कूल आफ लॉ से संचालित दो वर्षीय एलएलएम पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों पर विद्यार्थियों को प्रवेश दिए जाएंगे।

2 अगस्त को विद्यार्थियों को पंजीयन करना है। शाम 5 बजे तक आवेदन भरकर विद्यार्थियों को दस्तावेज जमा करना है। विभाग ने सीएलसी पहला चरण 5 अगस्त को रखा है। 11 बजे होने वाली काउंसिलिंग के लिए छात्र-छात्राओं को आधा घंटा पहले रिपोर्टिंग करना है।

**डिपो से रिंग रोड तक के आठ मेट्रो स्टेशनों का काम पूरा करने के निर्देश, इस साल रेडिसन चौराहे तक के ट्रायल रन की तैयारी**

## सिंहस्थ से पहले 25 किलोमीटर के हिस्से में चलाई जा सकती है मेट्रो

**इंदौर।** तीन साल बाद उज्जैन में लगने वाले सिंहस्थ मेले के पहले इंदौर में 25 किलोमीटर हिस्से में मेट्रो ट्रेन के संचालन की तैयारी की जा रही है। गांधी नगर मेट्रो स्टेशन से खजराना रिंग रोड तक के काम को पूरा करने पर फोकस है। इसके अलावा एयरपोर्ट से गांधी नगर डिपो तक के ट्रेक को भी जोड़ा जा सकता है,ताकि सिंहस्थ में ने वाले भक्तों को मेट्रो ट्रेन की सुविधा मिल सके। उज्जैन में डेढ़ माह तक लगने वाले सिंहस्थ मेले में शामिल होने वाले ज्यादातर भक्त इंदौर होकर उज्जैन जाते है। अनुमान है कि मेला अवधि में इंदौर में 80 हजार से ज्यादा भक्त आ सकते है। तब ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए मेट्रो के संचालन की योजना बनाई है। सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि पिछले साल चार किलोमीटर हिस्से में मेट्रो का ट्रायल रन था। इस साल रेडिसन चौराहे तक के ट्रायल रन की तैयारी हो रही है। सिंहस्थ से पहले खजराना रिंग रोड तक का काम पूरा कर मेट्रो के नियमित संचालन को लेकर चर्चा हुई है। डिपो से रिंग रोड तक के आठ मेट्रो स्टेशनों का काम भी पूरा करने को कहा गया है। इंदौर विकास प्राधिकरण ने एमआर-10 ब्रिज के पास एक इंटर स्टेट बस स्टेशन भी बनाया है। इस स्टेशन का सिंहस्थ के समय सबसे ज्यादा उपयोग किया जाएगा। इस स्टेशन की क्षमता डेढ़ सौ बसों की है। इस स्टेशन को मेट्रो स्टेशन से जोड़ने का काम भी जारी है, ताकि बस स्टेशन पर उतरने वाले यात्री मेट्रो ट्रेन में यात्रा कर उज्जैन रोड की तरफ जा सके,क्योकि सिंहस्थ के दौरान इंदौर-उज्जैन रोड पर अस्थाई बस स्टेशन भी बनाए जाएंगे।

**सर्वे रिपोर्ट तैयार**

इंदौर के मध्य हिस्से में जनप्रतिनिधियों के सुझाव के बाद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने नए सिरे से सर्वे के निर्देश दिए थे। यह सर्वे पूरा हो चुका है और जल्दी ही रिपोर्ट नगरीय प्रशासन विभाग को सौंपी जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर बदलाव करना है या नहीं। यह फैसला विभाग को लेना है।

# बावड़ी हादसे में गई थी जान, मृतक के परिजनों ने मांगा ज्यादा मुआवजा, कोर्ट ने मांगा प्रशासन से जवाब

**सिटी चीफ इंदौर।**
इंदौर के पटेल नगर में डेढ़ साल पहले हुए बेलेश्वर बावड़ी हादसे में गई एक युवक की जान के बाद मिले मुआवजे के लेकर परिजनों ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। जिसमें उन्होंने घर की आर्थिक स्थिति खराब होने का हवाला देते हुए 50 लाख रुपये का मुआवजा मांगा है। कोई ने इस मामले में कलेक्टर से जवाब मांगा है।

डेढ़ साल पहले रामनवमी पर हवन के दौरान पटेल नगर बावड़ी में गिरने से 36 लोगों की जान चली गई थी। इस हादसे में 40 वर्षीय युवक इंदर जानकी की भी मौत हो गई थी। इंदर मंदिर में हुए हवन में शामिल होने गया था। मृतक के पिता नारायण जानकी ने याचिका में कहा कि इंदर के दो बच्चे है। घर में वह अकेला कमाने वाला था। उसकी मौत के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। परिवार के भरण-पोषण के लिए नारायण ने 50 लाख रुपये की मांग सरकार से की है। इसके लिए उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका लगाई। नारायण ने बच्चों की स्कूल फीस देने की मांग की है। याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कलेक्टर से इस मामले में जवाब मांगा है।

**सात लाख मिले हैं**

इस हादसे के बाद राज्य सरकार ने मृतक के परिजनों को सात लाख रुपये दिए है, लेकिन परिजनों को यह राशि कम लग रही है। उन्होंने कहा कि इस राशि से परिवार का भरण-पोषण नहीं हो सकता है। इसके लिए अधिक राशि चाहिए। सरकार ने हादसे में मृत अन्य 35 लोगों के परिजनों को भी समान राशि दी है।

बावड़ी में एक ही परिवार के दो से तीन सदस्य भी गिरे थे और उनकी मौत हुई है।

## अध्योध्या के लिए अब तक शुरू नहीं हुई बस

**इंदौर।** इंदौर से अयोध्या के बीच बस सेवा अभी तक शुरू नहीं हो पाई है। एआईसीटीएसएल ने इंदौर से अयोध्या के बीच बस सेवा शुरू करने के लिए दिसंबर-जनवरी माह में ऑनलाइन टेंडर जारी किए थे। इसके साथ ही एआईसीटीएसएल द्वारा इंदौर से इंटर सिटी और इंटर स्टेट बस चलाने के लिए पहले भी दो बार टेंडर जारी किए गए, लेकिन ऑपरेटर न मिल पाने के कारण बस का संचालन नहीं हो पाया। जिसके बाद अब एक बार फिर एआईसीटीएसएल नया प्रस्ताव बनाकर बनाकर टेंडर जारी करने की तैयारी कर रहा है।

एआईसीटीएसएल सूत्रों ने बताया कि इंदौर से अयोध्या सहित 17 अन्य शहरों के बीच बस का संचालन करने के लिए महापौर पुष्यमित्र भार्गव के निर्देश पर प्रबंधन ने दोबारा टेंडर शर्तों में कुछ बदलाव के साथ टेंडर तैयार किए हैं, जो जल्द ही ऑनलाइन जारी किए जाएंगे। प्रबंधन की अब अयोध्या के साथ 17 शहरों के लिए 42 बस चलाने की योजना है। एआईसीटीएसल से मिली जानकारी के अनुसार प्रबंधन इंदौर से अयोध्या के लिए 2 बस, वाराणसी के लिए 2 बस, दिल्ली के लिए 2 बस, मुंबई के लिए 4 बस, अहमदाबाद के लिए 4 बस, पुणे के लिए 4 बस, नीमच के लिए 4 बस, राजकोट के लिए 2 बस, रायपुर के लिए 2 बस, कानपुर के लिए 2 बस, जयपुर के लिए 2 बस, ग्वालियर के लिए 2 बस, कोटा के लिए 2 बस, उदयपुर के लिए 2 बस, बांसवाड़ा के लिए 2 बस, भुसावल के लिए 2 बस और शहडोल के लिए 2 बस का संचालन करने के लिए टेंडर जारी करेगा।

**बिजली कंपनी के एमडी ने ली समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश**

# बिजली चोरी रोकने में कारगर साबित हुए स्मार्ट मीटर



**सिटी चीफ इंदौर।**
मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अब तक इंदौर शहर में करीब तीन लाख और कंपनी क्षेत्र में लगभग सात लाख स्मार्ट मीटर लगाए हैं। इन स्मार्ट मीटरों से चोरी व लाइन लॉस घटाने में मदद मिली है। उपभोक्ता सेवाओं में भी व्यापक रूप से बढ़ोत्तरी हुई है। यह बातें कंपनी के एमडी अमित तोमर ने पोलोग्राउंड स्थित मुख्यालय में स्मार्ट मीटर परियोजना की समीक्षा बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटरों से बिलिंग, रीडिंग संबंधित विवाद एवं असंतुष्टि की शिकायतें काफी कम हुई है। यह मीटर पहली तारीख को रीडिंग ले लेते है। बिल समय पर बनता है, बिल त्रुटिरहित बनने से अधिकाधिक उपभोक्ताओं में समय पर बिल भरने की भावना का भी संचार हुआ है।

तोमर ने आगे कहा कि यह मीटर समय पर रीडिंग लेते है, इसी कारण प्रत्येक पात्र घरेलू उपभोक्ता को अटल गृह ज्योति योजना की सब्सिडी दी जा रही है, इसी तरह गैर घरेलू उपभोक्ता को पॉवर फैक्टर की लाभ भी समय पर दिया जा रहा है। तोमर ने आगे कहा कि जहां भी अभी स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है, वहां सर्विस केबल ठीक से लगी हो, मीटर सही लगे, सीलिंग सही की जाए। इनसे सुरक्षा एवं मीटर संचालन कार्य ठीक प्रकार से होगा, गड़बड़ी की आशंका नहीं रहेगी।

**गड़बडी करने वाले सावधान**

तोमर ने कहा कि स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी की मंशा रखने वाले सावधान हो जाए। ये मीटर कंट्रोल सेंटर को संकेत देते है। ऐसे में पकड़े जाने पर मीटर खराब होने का शुल्क, एक वर्ष की मौजूदा बिलिंग राशि, बिलिंग राशि के बराबर ही पैनल्टी राशि भी लगाई जाती है। बैठक में कंपनी के निदेशक पुनीत दुबे और स्मार्ट मीटर परियोजना निदेशक रवि मिश्रा ने 14 जिलों के स्मार्ट मीटर कार्य, अब तक के मीटरीकरण कार्य की प्रगति का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया।

## रिलेशनशिप से अलग करने के शक में ले ली दोस्त की जान

# भोपाल के युवक ने बेंगलुरु में की बिहार की युवती की हत्या

**सिटी चीफ भोपाल।**
बंगलूरु के कोरमंगला स्थित पीजी हॉस्टल में गला काटकर की गई बिहार की युवती की हत्या का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में रहने वाले अभिषेक नाम के युवक को गिरफ्तार किया है। 23 जुलाई को हुई इस वीभत्स हत्या का सीसीटीवी वीडियो पुलिस ने जारी किया था। जिसके वायरल होने के बाद बेंगलुरु पुलिस ने बीती देर रात अभिषेक को भोपाल से गिरफ्तार किया है। आरोपी अभिषेक और मृतका कीर्ति पहले अच्छे दोस्त थे। कीर्ति की दोस्त राजपाली के साथ अभिषेक रिलेशनशिप में था। लेकिन, बाद में राजपाली ने अभिषेक से अलग होने का फैसला किया, जिसमें कीर्ति ने उसकी मदद की। आरोपी अभिषेक इस बात को लेकर कीर्ति से नाराज हो गया और उसने इस वीभत्स हत्याकांड को अंजाम दिया।
भोपाल पुलिस के अनुसार बेंगलुरु के कोरमंगला स्थित पीजी हॉस्टल में रह रही 24 साल की कीर्ति कुमारी मूल रूप से बिहार की रहने वाली थी। वह एमबीए कर चुकी थी और बंगलूरु की एक एक निजी कंपनी में नौकरी कर रही थी। आरोपी अभिषेक ने पुलिस पूछताछ में बताया कि बंगलूरु में काम करने के दौरान वह महाराष्ट्र की रहने वाली कीर्ति की सहेली राजपाली के संपर्क में आया था। इसके बाद दोनों में दोस्ती हुई और फिर वे रिलेशनशिप में आ गए। कुछ समय रिलेशनशिप में रहने के बाद दोनों में मनमुटाव हुआ और राजपाली ने अभिषेक से अलग होने का फैसला किया।

**पीजी में शिफ्ट करने से नाराज था आरोपी**
भोपाल पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कर्ति की दोस्त राजपाली अभिषेक से अलग होना चाह रही थी। इसे लेकर उसने अपनी दोस्त कीर्ति से मदद मांगी। कीर्ति ने राजपाली को नए पीजी हॉस्टल में शिफ्ट होने में मदद की। इसके बाद दोनों ने अभिषेक का कॉल रिसीव करना बंद कर दिया। राजपाली का अलग होना और कीर्ति द्वारा उसकी मदद करना अभिषेक को पसंद नहीं आया और वह इस बात को लेकर कीर्ति से नाराज हो गया।



**हॉस्टल पहुंचा और गला काटकर उतारा मौत के घाट**
23 जुलाई को आरोपी अभिषेक कीर्ति के पीजी हॉस्टल पहुंचा और उसकी गला काटकर हत्या कर दी। आरोपी द्वारा की गई वारदात हॉस्टल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। जिसमें आरोपी एक थैला लेकर हॉस्टल में जाते हुए दिखाई दे रहा है। वह हॉस्टल के तीसरे फ्लोर पर स्थित पीड़िता के कमरे पर पहुंचता है और दरवाजा खटखटाता है। कुछ ही देर में कमरे का गेट खुलता है तो वह कीर्ति को बाहर कॉरिडोर में खींच लेता है। इसके बाद दोनों के बीच हाथापाई शुरू हो जाती है। कीर्ति पर पकड़ बनाने के बाद वह उसकी गर्दन पर चाकू से वार करता है और फिर लगातार कई वार करता है। कीर्ति मदद के लिए चिल्लाती रहती है, लेकिन हॉस्टल में रहने वाली अन्य लड़कियां अपने-अपने दरवाजे पर खड़े होकर यह सब देखती रहती हैं, कोई भी उसकी मदद करने के लिए आगे नहीं आता है। इसके बाद आरोपी युवक अभिषेक मौके से फरार हो जाता है।

**आरोपी ने भोपाल में रहकर पढ़ाई की**
बंगलूरु पुलिस ने मामले की जांच और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन स्पेशल टीमें बनाईं थी। एक टीम बीती शुक्रवार देर रात भोपाल पहुंचकर आरोपी अभिषेक को गिरफ्तार किया। अभिषेक मूलतः किस जिले का रहने वाला है, अभी यह पता नहीं चल सका। बताया जाता है कि उसने भोपाल में रहकर पढ़ाई की थी, जिसके बाद नौकरी करने के लिए बंगलूरु चला गया था।

### प्रदेश सरकार ने खर्चों में कटौती के बाद कई योजनाओं में भुगतान को लेकर लगाई शर्तें

# तीर्थ दर्शन समेत 124 योजनाओं पर बिना अनुमति नहीं होगा भुगतान

**सिटी चीफ भोपाल।**
मध्य प्रदेश सरकार ने खर्चों में कटौती के बाद अब कई योजनाओं में भुगतान को लेकर शर्तें लगा दी हैं। वित्त विभाग की तरफ से वित्तीय वर्ष 2024-2025 की शेष अवधि के लिए बजट आवंटन एवं व्यय की कार्ययोजना के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए। इसमें राम वन गमन पथ, मंत्रियों के आवास के साज-सज्जा समेत 127 योजनाओं के भुगतान को लेकर वित्त विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया है। संचालक बजट की तरफ से विभागों को जारी आदेश में वित्त विभाग की तरफ से समय समय पर जारी आदेश को पालन करने की बात कही गई है।
साथ ही इसमें कहा गया है कि यदि किसी योजना में बजट के बचत की संभावना हो तो उसकी जानकारी 15 जनवरी तक बताने को कहा गया है, ताकि दूसरी योजना में उसका उपयोग किया जा सके। साथ ही आदेश में कहा गया है कि आरक्षित निधियों के भुगतान की कार्यवाई वित्त विभाग की अनुमति के बाद ही की जाना सुनिश्चित किया जाए।

**मंत्रियों के बंगलों में साज-सज्जा और नए निर्माण के लिए अनुमति जरूरी**
वित्त विभाग के आदेश के अनुसार के अनुसार



राम वन गमन पथ अचल विकास योजना, मंत्रियों के बंगलों की साज सज्ज, तीर्थ यात्रा योजना, ग्रामीण परिवहन नीति क्रियान्वयन, नए मेडिकल कॉले और नर्सिंग कॉलेज का निर्माण, मुख्यमंत्री ऋण समाधान योजना, मुख्यमंत्री स्कूल शिक्षा स्कूटी योजना, पीएम आवास योजना, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना, कायाकल्प अभियान, अमृत 2.0 जीआईएस बेस्ड मास्टर प्लान, उद्योग निवेश संवर्धन सहायता योजना,किसानों से फसल उपार्जन पर बोनस का भुगतान, मुख्यमंत्री कृषक फसल उपार्जन सहायता योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, नए नर्सिंग कॉलेज का निर्माण, डॉ टंट्या भील मंदिर का जीर्णोद्धार, राजा संग्राम सिंह पुरस्कार योजना, पीएम जनमन, लाड़ली लक्ष्मी योजना, महिलाओं के लिए रोजगार मूलक आर्थिक सहायता योजना समेत 46 विभाग की 127 से ज्यादा योजनाओं के भुगतान से पहले वित्त विभाग की अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

### महीनों की वेटिंग भी खत्म, एक दिन में हो सकेंगे डेढ़ गुना ज्यादा आपरेशन

# यूरिन के मरीजों की एम्स में नाममात्र के खर्च में होगी सर्जरी

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। अब एम्स भोपाल में यूरिनल थैली के ट्यूमर, स्टोन जैसे दस छोटे आपरेशन के लिए दो माह तक का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इन आपरेशन के लिए जहां निजी अस्पतालों में 50 हजार रुपये तक का खर्चा आता है, वहीं अब एम्स भोपाल में यह आपरेशन मात्र 500 रुपये में हो सकेंगे।
इस कक्ष में ऐसे रोजाना 10 से 12 छोटे आपरेशन होंगे, जिनके लिए अब तक आपरेशन थिएटर की जरूरत पड़ती थी। यही नहीं मरीज को इन छोटे आपरेशन वाले दिन ही डिस्चार्ज भी कर दिया जाएगा। इसके साथ ही यहां यूरिन थैली के ट्यूमर व स्टोन निकाले जा सकेंगे। इतना ही नहीं, सिस्टोस्कोपी कक्ष में मूत्र मार्ग के कैंसर की जांच भी हो सकेगी। मूत्र मार्ग में ब्लीडिंग की समस्या को भी रोका जा सकेगा। इस कक्ष में प्रोस्टेट आपरेशन से पहले की जांच समेत यूरोलाजी विभाग से जुड़े अन्य छोटे आपरेशन हो सकेंगे। किडनी से पथरी निकालने के बाद मूत्र नलिका में डीजे स्टेंट लगाया जाता है, जिससे किसी




तरह की रुकावट न आए। इसे सर्जरी के 14 से 21 दिन में निकालना होता है। यह भी इस कक्ष में हो सकेगा।

**इनके लिए निःशुल्क सुविधा**
यूरोलाजी विभाग के एचओडी डा. देवाशीष कौशल ने बताया कि विभाग के इन सभी छोटे आपरेशन के लिए निजी अस्पतालों में लगभग 50 हजार तक का खर्च आता है। वहीं यह सुविधा एम्स भोपाल में सिर्फ 500 रुपये में मिलेगी। वहीं बीपीएल और आयुष्मान मरीजों के लिए निश्शुल्क रहेगी। यहां सभी मरीजों को सुबह डे केयर में भर्ती किया जाता है। सर्जरी के बाद उसी दिन शाम को डिस्चार्ज कर दिया जाता है। पिछले एक वर्ष में अस्पताल में दो हजार के करीब आपरेशन हुए। अब तीन हजार से ज्यादा हो सकेंगे।

**इनका कहना है......**
यूरोलाजी विभाग में शुरू किए गए सिस्टोस्कोपी कक्ष से भविष्य में और अधिक मरीजों के छोटे आपरेशन किए जा सकेंगे। इसके लिए लोगों को लंबा इंतजार नहीं करना होगा। यह सभी आपरेशन डे-केयर के अनुसार किए जाएंगे।
– प्रो. डा. अजय सिंह, कार्यपालक निदेशक, एम्स भोपाल

### बैरसिया रोड स्थित लांबाखेड़ा में देर रात हुआ हादसा

# कांग्रेस नेता की अगरबत्ती फैक्ट्री में आग

**सिटी चीफ भोपाल।**
राजधानी भोपाल में बैरसिया रोड स्थित लांबाखेड़ा में बनी कांग्रेस नेता गोविंद गोयल की अगरबत्ती की फैक्टरी में देर रात अचानक आग लग गई। आग लगने की खबर लगते ही मौके पर पहुंची गांधीनगर, छोला, कबाड़खाना और फतेहगढ़ फायर स्टेशन की दमकलों ने आग पर काबू पाया।
बता दें कि घटना रात तीन बजे की होना बताई जा रही है। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। नगर निगम के फायर फाइटर पंकज यादव ने बताया कि फैक्टरी में कुछ टू-व्हीलर्स भी रखे थे, जो आग की चपेट में आने से बच गए।



आग से कोई जनहानि नहीं हुई है। आग कैसे लगी, यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। लांबाखेड़ा इलाके में कांग्रेस के सीनियर नेता गोयल की पूजा-पाठ नाम से अगरबत्ती की फैक्टरी है। आग की वजह से खासा नुकसान होने की बात भी सामने आ रही है। आग की सूचना के बाद में ईंटखेड़ी पुलिस भी मौके पर पहुंची। इसी फैक्टरी में पहले आग लग चुकी है। करीब छह घंटे की कोशिश के बाद आग पर काबू पाया जा सका है। आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान होने की बात सामने आई है।

**पहले भी फैक्ट्री में हो चुकी आगजनी**
कांग्रेस नेता की फैक्ट्री में इससे पहले भी कई बार आगजनी की घटना हो चुकी है, लेकिन उस समय भी आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। उस दौरान आग लगने की वजह बिजली का शॉर्ट सर्किट होना बताया गया गया था। हालांकि, इस बार आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

### क्राइम ब्रांच ने एक ठगोरे को लिया हिरासत में

# भाजपा संगठन मंत्री का पीए बन मंत्री रावत से मांगे 5 लाख

**सिटी चीफ भोपाल।**
मध्य प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री रामनिवास रावत के साथ ठगी के प्रयास का मामला सामने आया है। रावत को फोन करके ठग ने खुद को भाजपा के संगठन महामंत्री का पीए बताया और 5 लाख रुपए की डिमांड की। मंत्री ने जब इसको क्रास चेक किया तो पूरा मामला सामने आया है। इस मामले में मंत्री ने साइबर क्राइम ब्रांच में शिकायत की है। जिसके बाद एक संदिग्ध को पुलिस ने इंदौर से हिरासत में लिया है।
जानकारी के अनुसार रामनिवास रावत के मोबाइल पर कई बार कॉल आए।
कॉल करने वाले ने खुद को भाजपा संगठन महामंत्री बीएल संतोष का पीए बताकर उनसे पांच लाख रुपए की मांग की। साथ ही ठग ने अपने किसी साथी को महामंत्री बना मंत्री की बात भी कराई। इस पर मंत्री को शक हुआ, जिसके बाद उन्होंने बीएल संतोष के पीए को फोन लगाया। जिसके बाद उनकी तरफ से कॉल नहीं करने की बात कही।
इसके बाद मंत्री को ठगी का पता चला। उन्होंने ठगी के प्रयास करने के मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई है। क्राइम ब्रांच ने मामले में एक संदिग्ध को इंदौर से हिरासत में लिया है।

## जल्द बनेगा प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग

# प्रदेश में भौगोलिक क्षेत्र के आधार पर बदलेंगी जिलों की सीमाएं

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। मध्य प्रदेश में भौगोलिक क्षेत्र के आधार पर विकास खंड, तहसील और जिलों की सीमाएं निर्धारित की जाएंगी। इसके लिए राज्य सरकार जल्द ही प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग गठित करने जा रही है। यह आयोग भौगोलिक आधार पर जिले की सीमाओं का निर्धारण करेगा। इसका आशय यह हुआ कि बुधनी तहसील का जिला मुख्यालय सीहोर भौगोलिक आधार पर क्या सही है, यदि नहीं तो इसे नजदीकी जिला नर्मदापुरम से जोड़ा जाएगा। इस तरह की विसंगतियां जिन जिलों में हैं, उन सभी जिलों में आयोग राजस्व, वन, नगरीय निकाय और पंचायत विभाग के समन्वय से प्रदेश की समस्त सीमाओं का अध्ययन कर रिपोर्ट बनाएगा।
जिलों की सीमा बदलने की कार्यवाही होगी आयोग के अध्ययन के बाद प्रदेश में जिलों




की सीमा बदलने की कार्यवाही की जाएगी। गौरतलब है कि राजनीतिक कारणों से कई जिलों के गठन से सीमाओं की कई गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। सरकार ने बिना जिला पुनर्गठन आयोग के जिले बना दिए, इस कारण भी कई जगह विसंगतियां आ गई हैं। मध्य प्रदेश में संभागों एवं जिलों की सीमाएं बदलने के लिए आयोग गठित किया जाएगा। यह आयोग राजस्व, वन, नगरीय विकास एवं आवास और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के समन्वय से प्रदेश की समस्त सीमाओं का अध्ययन कर रिपोर्ट बनाएगा। आयोग के अध्ययन के बाद प्रदेश में संभागों एवं जिलों की सीमा बदलने की कार्यवाही की जाएगी। इस आयोग के गठन के लिए मुख्य सचिव वीरा राणा के स्तर पर कार्यवाही चल रही है। राज्य सरकार के अनुसार लोकहित एवं जनसुविधा को ध्यान में रखकर संभाग, जिला, तहसील एवं जनपद आदि की सीमाओं के युक्तियुक्तकरण करने की कार्यवाही के लिए यह निर्णय लिया गया है।

**नए जिलों की सीमाएं प्रभावित होंगी**
जल्द ही इस आयोग के गठन एवं इसके अध्यक्ष की अधिसूचना जारी की जाएगी। सीमाओं को बदलने की प्रक्रिया में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी विचार विमर्श किया जाएगा। संभाग, जिला, तहसील एवं जनपद आदि की सीमाओं के बदलने से शिवराज सरकार में गठित नए जिलों की सीमाएं भी प्रभावित होंगी।

**जुन्नारदेव को भी जिला बनाने के विकल्प पर चल रही कार्यवाही**
तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में सतना जिले से अलग कर मैहर, छिंदवाड़ा जिले को विगठित कर पांढुर्णा और रीवा जिले को विगठित कर मऊगंज जिला बनाया गया है। निवाड़ी को पहले ही सरकार जिला बना चुकी है। हालांकि नागदा जिले की घोषणा कर दी गई, लेकिन जिला नहीं बनाया जा सका। अब जुन्नारदेव को भी जिला बनाने के विकल्प पर कार्यवाही चल रही है। आयोग इन जिलों की सीमाओं का भी अध्ययन कराएगा।

## साम्पदकीय

# परीक्षा प्रक्रियाओं में प्रणालीगत सुधार की आवश्यकता

भारत एक युवाओं का देश है। ऐसे में अपने जनसांख्यिकीय लाभांश का सदुपयोग करने के लिये प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। इस घटनाक्रम के बाद सरकार को परीक्षा व्यवस्था में विश्वास बहाल करने और युवाओं की आकांक्षाओं को संबल देने के लिये इस क्षेत्र में सुधारों को वरीयता देनी चाहिए। निस्संदेह, मेडिकल प्रवेश परीक्षा के मामले के निस्तारण में सर्वोच्च न्यायालय की सक्रियता की सराहना की जानी चाहिए।

*नीट परीक्षाओं को लेकर देशव्यापी हंगामे व राजनीतिक बयानबाजियों के बावजूद यह सुखद ही है कि देश की शीर्ष अदालत ने चिकित्सा संस्थानों में प्रवेश के लिये आयोजित हुई नीट परीक्षा को दुबारा कराने की मांग खारिज कर दी है। हालांकि, मंगलवार को आए फैसले का मानवीय पक्ष यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने 24 लाख अभ्यर्थियों को होने वाली परेशानी को प्राथमिकता दी है। इसके बावजूद शीर्ष अदालत का फैसला भारत में परीक्षा प्रक्रियाओं में प्रणालीगत सुधार की आवश्यकता को रेखांकित करता है। कोर्ट के व्यावहारिक फैसले के बावजूद इस विवाद ने हमारी शैक्षिक व परीक्षा प्रणाली के भीतर व्याप्त विसंगतियों को भी उजागर किया है। बहरहाल, मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की यह टिप्पणी कि लीक परीक्षा प्रणाली का उल्लंघन नहीं है, एक अस्थायी राहत जरूर प्रदान करता है। लेकिन इस सिस्टम में अंतर्निहित कमजोरियों को संबोधित किया जाना जरूरी है। इसके बावजूद राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी यानी एनटीए और आईआईटी दिल्ली द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के अनुसार बिहार के हजारीबाग और पटना में लीक महत्वाकांक्षी चिकित्सा पेशेवरों के लिये होने वाली महत्वपूर्ण परीक्षा आयोजन के तौर-तरीकों की विश्वसनीयता पर प्रश्न तो उठाते ही हैं। प्रभावित छात्रों के मामलों को निपटाने के लिये, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी पर न्यायालय की निर्भरता समस्या के दीर्घकालीन समाधान के बजाय एक कामचलाऊ दृष्टिकोण को ही दर्शाती है। वहीं दूसरी ओर गत जून माह में यूजीसी-नेट परीक्षा का रद्द होना भी चिंताओं को और बढ़ा देता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय को अज्ञात सूत्रों से मिले तथ्यों के आधार पर शिक्षा मंत्रालय ने स्वतः संज्ञान लेते हुए यह कार्रवाई की थी। हालांकि यह कदम छात्रों के हितों की तात्कालिक रक्षा की दृष्टि से सार्थक है लेकिन यह घटनाक्रम हमारी परीक्षातंत्र के बुनियादी ढांचे की कमजोरी को ही उजागर करता है। कह सकते हैं कि परीक्षा तंत्र की संवेदनशीलता के मद्देनजर ऐसे तदर्थवाद व पारदर्शिता की कमी छात्र समुदाय में अविश्वास व चिंता को बढ़ाते हैं।*

*बहरहाल, हाल की ये घटनाएं प्रतियोगी परीक्षाओं तथा परीक्षाएं आयोजित करने वाले तंत्र के ढांचे में व्यापक बदलाव की जरूरत को बताती हैं। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि एन.टी.ए. की संरचना की समीक्षा के लिये एक उच्च स्तरीय समिति की स्थापना की जाएगी, निश्चित रूप से यह संस्था की विश्वसनीयता बनाये रखने की दिशा में एक उचित कदम है। हालांकि, इसके साथ ही परीक्षाओं में सुरक्षा, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिये मजबूत उपायों को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए। निस्संदेह, गाहे-बगाहे होने वाले परीक्षा घोटाले न केवल शैक्षणिक संस्थानों की विश्वसनीयता को कमजोर करते हैं बल्कि शिक्षा और कैरियर के नाजुक मोड़ पर खड़े युवा उम्मीदवारों के भविष्य को भी प्रभावित करते हैं। भारत एक युवाओं का देश है। ऐसे में अपने जनसांख्यिकीय लाभांश का सदुपयोग करने के लिये प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। इस घटनाक्रम के बाद सरकार को परीक्षा व्यवस्था में विश्वास बहाल करने और युवाओं की आकांक्षाओं को संबल देने के लिये इस क्षेत्र में सुधारों को वरीयता देनी चाहिए। निस्संदेह, मेडिकल प्रवेश परीक्षा के मामले के निस्तारण में सर्वोच्च न्यायालय की सक्रियता की सराहना की जानी चाहिए। बड़ी संख्या में याचिकाएं परीक्षा दोबारा आयोजित कराने के लिये दायर किये जाने के बावजूद, लाखों छात्रों के हित व वक्त की जरूरत के मुताबिक कोर्ट ने तार्किक फैसला दिया। जिसमें इस बात पर ध्यान दिया गया कि किसी गड़बड़ी से परीक्षा किस सीमा तक प्रभावित हुई है। कोर्ट ने इस बाबत ठोस व तार्किक पक्ष को प्राथमिकता दी। साथ ही परीक्षा के सामाजिक पक्षों को भी ध्यान में रखा। निश्चित रूप से जिन परीक्षार्थियों का चयन हो चुका था, उन्हें पुनः परीक्षा देने को बाध्य करना न्यायोचित नहीं कहा जा सकता। बहरहाल, इस मामले में सीबीआई द्वारा तत्परता से की गई कार्रवाई और संदिग्धों की गिरफ्तारी उन लोगों में भय पैदा करेगी, जो लंबे अर्से से परीक्षा लीक के काले धंधे में धंसे हुए थे। जाहिर है कि शासन-प्रशासन की सक्रियता, सख्ती व समय रहते कार्रवाई किसी भी क्षेत्र में शुचिता स्थापित करने में सहायक हो सकती है।*

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई पंकज पहुंचे महाकाल के दरबार, भस्म आरती में शामिल होकर शिव भक्ति में लीन दिखे



श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित आशीष शर्मा ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रावण कृष्ण पक्ष की अष्टमी और रविवार के महासंयोग पर सुबह तीन बजे भस्म आरती के दौरान वीरभद्र जी से आज्ञा लेकर मंदिर के पट खुलते ही पण्डे पुजारियो ने गर्भगृह में स्थापित सभी भगवान की प्रतिमाओं का पूजन कर भगवान महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर पंचामृत और फलों के रस से किया। इसके बाद प्रथम घंटाल बजाकर हरि ओम का जल अर्पित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई पंकज मोदी रविवार सुबह भस्म आरती में बाबा महाकाल के दरबार में पहुंचे। जिन्होंने लगभग दो घंटे तक आरती में शामिल होकर बाबा महाकाल की दिव्य भस्म आरती के दर्शन किए। भस्म आरती के दौरान पंकज मोदी कभी तालियां बजाते हुए नजर आए तो कभी भजन गाते हुए। श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित आशीष गुरु ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई पंकज मोदी आज बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन आए थे। जहां उन्होंने भस्म आरती में शामिल होकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। यह बाबा महाकाल का दरबार है और वर्तमान में श्रावण मास चल रहा है, इसीलिए वे बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने यहां पहुंचे थे। महाकाल की भस्म आरती देखी और नंदी जी के कानों में अपनी मनोकामना कही। पूजन अर्चन के बाद मंदिर से रवाना हो गए।

# ट्रंप के रुख से बेचैन है दुनिया

अपने चार साल के कार्यकाल के दौरान ट्रंप हालांकि जब-तब चीनी नेता शी चिनफिंग के प्रति अपनी पसंदगी भी जाहिर करते रहे, लेकिन इसके बावजूद वह पेइचिंग के प्रति अमेरिकी नीति की रूपरेखा फिर से तैयार करने में सफल रहे। इसका परिणाम चीन के साथ बाकायदा टेक्नॉलजी वॉर और ट्रेड वॉर के रूप में सामने आया, लेकिन इससे भी बड़ी बात यह रही कि दुनिया को समझ आ गया कि दूसरों की कीमत पर चीन को बढ़ने देना कितना भारी पड़ सकता है।



अब जब राष्ट्रपति जो बाइडन खुद को चुनावी दौड़ से बाहर कर चुके हैं, कमला हैरिस डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से अपना नामांकन पक्का करवाने की कोशिशों में लगी हैं। लेकिन रिपब्लिकन नैशनल कन्वेंशन इस महीने की शुरूआत में ही पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की वाइट हाउस के लिए उम्मीदवारी पर अपनी मुहर लगा चुका है।

ट्रंप ने सीनेटर जेडी वेंस को अपना रनिंग मेट घोषित किया है। ट्रंप के वेंस कड़े आलोचक रहे हैं। वह उन्हें अमेरिका का हिटलर और नैतिक त्रासदी तक करार दे चुके हैं। लेकिन यह तो अतीत की बात है। ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले के बाद, वेंस ने सीधे बाइडन पर उसका दोष मढ़ा। उन्होंने ट्वीट किया, बाइडन के कैंपेन की मुख्य बात यह रही है कि ट्रंप एक सर्वसत्तावादी फासिस्ट हैं, जिन्हें हर कीमत पर रोकना होगा। इसी नैरेटिव के चलते ट्रंप पर यह कातिलाना हमला हुआ है। कन्वेंशन में भी उन्होंने ट्रंप की तारीफों के पुल बांधते हुए कहा कि वह देश के लिए अपना सबकुछ झोंक चुके हैं और यह भी कि उन्हें राजनीति में उतरने की कोई जरूरत नहीं है, सचाई यह है कि देश को उनकी जरूरत है। सबसे बड़ी बात यह कि उन्होंने ट्रंप-वेंस विदेश नीति का एक ऐसा खाका पेश किया, जो बाहरी दुनिया को लेकर रिपब्लिकन पार्टी के रुख को अमेरिकी राजनीति की पारंपरिक साझा जमीन से काफी दूर कर देता है। ट्रंप और वेंस की विदेश नीति का यह खाका दुनिया भर में हलचल पैदा कर रहा है। ट्रंप-वेंस विदेश नीति का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है चीन को लेकर और कड़ा रुख। दोनों ने इस बात को बार-बार रेखांकित किया है, जो कुछ हद तक ठीक भी है कि पिछले कुछ दशकों की वॉशिंगटन की नीतियों के परिणामस्वरूप अमेरिका सस्ते चीनी माल और सस्ते विदेशी श्रम से पाटा जा चुका है और आश्चर्य नहीं कि आने वाले दशकों में घातक चीनी फेंटेनाइल से भर जाए। अपने चार साल के कार्यकाल के दौरान ट्रंप हालांकि जब-तब चीनी नेता शी चिनफिंग के प्रति अपनी पसंदगी भी जाहिर करते रहे, लेकिन इसके बावजूद वह पेइचिंग के प्रति अमेरिकी नीति की रूपरेखा फिर से तैयार करने में सफल रहे। इसका परिणाम चीन के साथ बाकायदा टेक्नॉलजी वॉर और ट्रेड वॉर के रूप में सामने आया, लेकिन इससे भी बड़ी बात यह रही कि दुनिया को समझ आ गया कि दूसरों की कीमत पर चीन को बढ़ने देना कितना भारी पड़ सकता है। ट्रंप के उत्तराधिकारी जो बाइडन ने भी ट्रंप के आकलन से दूरी नहीं बरती। शुरूआती आलोचना के बाद उन्होंने न केवल चीनी सामानों पर लगाए गए सीमा शुल्क को बनाए रखा बल्कि उस नीति का और विस्तार भी किया। फिर भी ट्रंप बिना थके और बिना रुके चीन को निशाना बनाने में लगे हुए हैं। अपने एक हालिया इंटरव्यू में उन्होंने यहां तक कह दिया कि वह चीनी उत्पादों पर सीमा शुल्क 50त्न तक बढ़ाने में भी नहीं हिचकेंगे क्योंकि इससे अमेरिकी कंपनियां चीन से हटने और अमेरिका में उत्पादन शुरू करने के लिए प्रोत्साहित होंगी। जैसे-जैसे ट्रंप दोबारा व्हाइट हाउस में दाखिल होने के अपने लक्ष्य के करीब होते दिख रहे हैं, पेइचिंग की चिंताएं अधिकाधिक स्पष्ट होती जा रही हैं। बाइडन और ट्रंप की नीतियों में फर्क भी स्पष्ट हैं। जहां बाइडन ताइवान के समर्थन में मजबूती से खड़े रहे हैं, वहीं ट्रंप का कहना है कि ताइवान को अपनी रक्षा के लिए हमें (अमेरिका को) भुगतान करना चाहिए। उनकी दलील है कि ताइवान अमेरिका से 9,500 मील दूर है, जबकि चीन से मात्र 68 मील पर है। मतलब यह कि अमेरिका के लिए ताइवान की रक्षा करना आसान नहीं होगा। इस बीच ट्रंप के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार वेंस का कहना है कि अमेरिका अगर यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति करता रहा तो चीन द्वारा हमले की स्थिति में ताइवान का समर्थन करने की उसकी क्षमता प्रभावित हो सकती है। यूक्रेन की सहायता पर एतराज ः कुल मिलाकर ट्रंप-वेंस की बातों का मतलब यह है कि यूक्रेन युद्ध का जल्द से जल्द समाप्त होना जरूरी है ताकि अमेरिका अपनी ऊर्जा वास्तविक खतरे यानी चीन से निपटने में लगा सके। वेंस यूक्रेन को दी जाने वाली अमेरिकी सहायता की कड़ी आलोचना करते रहे हैं। उन्होंने यहां तक कह दिया है कि यूक्रेन का क्या होता है इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। ट्रंप और वेंस, दोनों ही रक्षा पर पर्याप्त खर्च न करने के लिए यूरोप पर निशाना साध रहे हैं। सम्मेलन में वेंस ने स्पष्ट शब्दों में कहा, अमेरिकी करदाताओं की उदारता के साथ धोखा करने वाले देशों को अब और मुफ्त सवारी नहीं मिलेगी। बकौल वेंस, हम यह नहीं कहते कि अमेरिका को नैटो से बाहर निकल आना चाहिए या यूरोप को छोड़ देना चाहिए, लेकिन हमें एशिया की ओर घूमना चाहिए। अमेरिका को पूर्वी एशिया पर अधिक ध्यान केंद्रित करना होगा। सबकी चिंता छोड़कर अपने हितों पर फोकस रखने का अमेरिकी राजनीति में बढ़ता यह रुझान दुनिया के लिए चेतावनी है जो अमेरिका को वैश्विक शांति का मुख्य गारंटर माने बैठी है। ट्रंप वाइट हाउस में दोबारा दाखिल होने में सफल हों या न हों अमेरिकी राजनीति को आकार देने वाले इस रुझान का अमेरिकी नीतियों पर प्रभाव पड़ना तय है।

# फिल्म देखकर बढ़ा वाहन चोरी का क्रेज, सोशल मीडिया के जरिए बन गया 150 युवाओं का चोर गैंग

वर्ष 2004 में बॉलीवुड फिल्म धूम आई थी, जिसमें हीरो अपने गैंग के साथ बाइक पर चोरी करने निकलता था। फिल्म धूम का गाना धूम मचाले धूम बहुत प्रसिद्ध हुआ था। फिल्म धूम को देखकर कई युवाओं में बाइक से चोरी और लूट करने का क्रेज बढ़ा। हालांकि, इसका कोई सटीक आंकड़े तो नहीं है, लेकिन बाइक से चेन, मोबाइल आदि लूटने वाले युवा विभिन्न शहरों में पकड़े गए।




जयपुर में ऐसा एक गैंग पकड़ा गया है, जिसने सबको चौंका दिया है। यह गैंग फिल्म धूम की तर्ज पर लूट कर रहा है। गैंग का नाम सरगना ने कंगला रखा और सोशल मीडिया के माध्यम से गैंग में भर्ती हो रही थी। गैंग से डेढ़ सौ युवा जुड़ गए। ऐसे गैंग पनपने के पीछे बेरोजगारी एक बड़ा कारण है या युवाओं में बढ़ते महंगे शौक, यह शोध का विषय है। फिल्मों के साथ अपराध के प्रति प्रेरित करने का बड़ा कारण ओटीटी प्लेटफॉर्म पर क्राइम वेब सीरीज भी हैं। जयपुर के कंगला गैंग से जुड़े अपराधी काले रंग की बाज बनी हुई टी-शर्ट पहनकर वारदात को अंजाम दे रहे थे। इनमें अधिकांश युवा ग्रामीण पृष्ठभूमि के हैं, जो 100 सीसी की बाइक से गांव से सुबह जयपुर आते थे। गैंग मोबाइल का मॉडल बताने पर उसे लूट लेता था। मोबाइल को मात्र 5000-8000 रुपए में दूसरे गैंग को बेच देता था। गैंग का जो सरगना पुलिस की गिरफ्त में आया है, वो ग्रेजुएट है।

गैंग के अन्य बदमाश अभी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। पढ़-लिखकर नौकरी या कोई व्यवसाय करने के बजाय संगठित रूप से इकट्ठा होकर चोरी और लूट की वारदात कर रहे ऐसे युवा निश्चित ही समाज के लिए बड़ा खतरा हैं। पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती हैं। पुलिस के समक्ष मुश्किल यह भी है कि कुछ दिन जेल में रहने के बाद ऐसे बदमाशों को कोर्ट से जमानत मिल जाती है। ये दोबारा ऐसी घटनाओं का अंजाम नहीं देंगे, इसकी कोई गारंटी नहीं ले सकता। आखिर ऐसी कौन सी मजबूरी है? जो ऐसे युवा मेहनत करने के बजाय गलत रास्ते को चुन रहे हैं। एक कारण बेरोजगारी का नजर आता है। ताजा आंकड़ों में देश में बेरोजगारी की दर 6.7 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, यानी सभी पढ़े-लिखे युवाओं के लिए रोजगार पाना बेहद मुश्किल हो गया है। दूसरा कारण ग्लैमर है। युवाओं में महंगे शौक बढ़े हैं, जिन्हें पूरा करने के लिए वो किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। सोशल मीडिया, ओटीटी प्लेटफॉर्म, बॉलीवुड और हॉलीवुड की फिल्मों से भी युवा आइडिया ले रहे हैं। खासकर ओटीटी की क्राइम वेब सीरीज का क्रेज युवाओं में बहुत बढ़ चुका है। देश में कई ऐसी वारदात का खुलासा पुलिस ने किया है, जो ओटीटी वेब सीरीज से प्रेरित होकर की गई थीं। सरकार से यह मांग समय-समय पर होती आ रही है कि वो फिल्मों और ओटीटी प्लेटफॉर्म के कंटेंट को फिल्टर करने का सिस्टम बनाए, जो युवाओं को अपराध करने के लिए प्रेरित करती हैं या उन्हें कमाई का शॉर्टकट बताती हैं, लेकिन अब तक इस पर कंट्रोल करने का कोई भी ठोस सिस्टम सरकार की तरफ से नहीं बनाया गया है। कमाल की बात यह है कि चोरी के आइडिया देती हुई फिल्म धूम के पहले पार्ट के बाद दो और पार्ट रिलीज हो गए, जिसमें हीरो चोर ही बना और चोरी के आइडिया दिए गए। युवाओं को अपराधों से दूर करने में समाज का रोल भी बहुत बड़ा है। खासकर परिवार के स्तर पर युवा को अपराधी बनने से रोका जा सकता है। यदि परिवार के लोग अपने बच्चे पर नजर रखें। उसके महंगे शौक पर तहकीकात करें, आखिर पैसा कहां से आ रहा है? बच्चा क्या करता है? कहां जाता है? निश्चित रूप से परिवार इस दायित्व को निभाकर बच्चे को सही राह पर ला सकता है। बेरोजगारी को लेकर तो सरकार चिंतित नजर आ रही है। अभी पेश केंद्रीय बजट में सरकार ने पढ़े-लिखे बेरोजगारों के लिए कई घोषणाएं की हैं। देश की शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप कराई जाएगी। मुद्रा योजना के माध्यम से स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है। स्टार्ट अप की योजनाएं सरकार लाई है। इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देकर रोजगार सृजित करने की बात है। यह उपाय तो ठीक हैं, लेकिन फिल्मों और ओटीटी के कंटेंट पर भी नजर बनाकर सरकार अपराधों पर लगाम लगा सकती है। फिर गलत रास्ता चुनने वाले युवाओं को समझना चाहिए कि अपराध की जिंदगी बहुत छोटी होती है। कुछ दिन तो लूट के पैसे से अय्याशी हो सकती है, लेकिन एक न एक दिन पुलिस के चंगुल में अपराधी फंस जाता है।

## उर्वशी ने किन शर्तों पर किया पुरुरवस से विवाह, ब्रह्मा के शाप की वजह से धरती पर लेना पड़ा जन्म

एक बार ब्रह्मा के शाप के कारण देवलोक की अप्सरा उर्वशी को धरती पर जन्म लेना पड़ा। इस बीच, बुध और इला का एक पुत्र हुआ, जिसका नाम पुरुरवस था। पृथ्वी पर जन्म लेने के बाद उर्वशी की भेंट पुरुरवस से हुई। उर्वशी का सौंदर्य देखकर पुरुरवस ने उसके सामने विवाह का प्रस्ताव रख दिया। उर्वशी ने कहा, 'महाराज! मैं अप्सरा हूं और मैंने धरती पर शाप के कारण जन्म लिया है। शाप की अवधि समाप्त होने पर मैं देवलोक लौट जाऊंगी। आप मुझसे विवाह क्यों करना चाहते हैं' पुरुरवस ने कहा, 'उर्वशी! मैं तुम्हारे सौंदर्य पर मुग्ध हूं, इसलिए तुमसे विवाह करना चाहता हूं। मैं तुम्हें सदा सुखी रखने का वचन देता हूं।' उर्वशी ने मुस्कराते हुए कहा, 'संभव है कि आपका वचन भी आपके संयम की तरह किसी दिन टूट जाए। अतः यदि आप मुझसे विवाह करना चाहते हैं, तो मेरी तीन शर्तें हैं। आपने किसी भी शर्त का उल्लंघन किया, तो मैं आपको छोड़कर देवलोक चली जाऊंगी।' 'मुझे स्वीकार है। बताओ, तुम्हारी क्या शर्त है' पुरुरवस ने पूछा। उर्वशी बोली, 'पहली शर्त यह है कि मेरे पास दो मेढ़े हैं, जिन्हें मैंने बच्चों की तरह पाला है। आपको उनकी रक्षा करनी होगी। दूसरी शर्त है कि मैं केवल घी का सेवन करती हूं, इसलिए मुझे किसी अन्य वस्तु के सेवन के लिए बाध्य नहीं करेंगे। तीसरी और अंतिम शर्त यह है कि संभोग के अतिरिक्त आप निर्वस्त्र अवस्था में मेरे समक्ष नहीं आएंगे।' उर्वशी की तीनों शर्तें अटपटी थीं,किंतु उन्हें पूरा करना कठिन नहीं था। पुरुरवस ने तुरंत उर्वशी की शर्तें स्वीकार कर लीं और उससे विवाह कर लिया। उर्वशी, नृत्य और संगीत में पारंगत थी। पुरुरवस ने भी उर्वशी के साथ रहते हुए नृत्य और संगीत का ज्ञान अर्जित कर लिया। एक दिन पुरुरवस को इंद्र की ओर से देवलोक में नृत्य-संगीत के कार्यक्रम का निमंत्रण मिला। इंद्र की सभा में पुरुरवसने नृत्य में कुछ कमी बताई, तो तुंबरू नामक एक गंधर्व पुरुरवस से रुष्ट हो गया। उसने पुरुरवस को शाप दिया कि उसे शीघ्र उर्वशी से अलग होना पड़ेगा। उर्वशी तो पुरुरवस के साथ प्रसन्न थी, किंतु इंद्र को अपनी सभा में उर्वशी की कमी खलती थी। अतः उन्होंने गंधर्वों के साथ मिलकर उर्वशी को वापस देवलोक बुलाने के लिए चाल चली... एक दिन अर्धरात्रि के समय, उर्वशी और पुरुरवस रति-क्रीड़ा में मग्न थे। तभी इंद्र के कहने पर कुछ गंधर्व, पुरुरवस के महल में घुस गए। उन्होंने उर्वशी के दोनों प्रिय मेढ़े चुरा लिए और उन्हें लेकर महल से भाग निकले। रात्रि के अंधकार में सहसा हुए हमले से मेढ़े घबरा गए और चिल्लाने लगे। मेढ़ों के चिल्लाने की आवाज सुनकर उर्वशी को चिंता हुई। उसने पुरुरवस से कहा, 'महाराज! मेरे दोनों मेढ़े चिल्ला रहे हैं। वे संकट में हैं। मेरी शर्त थी कि आपको मेढ़ों की रक्षा करनी है। इसलिए तुरंत जाइए और उन्हें संकट से बचाइए!' शर्त वाली बात सुनकर पुरुरवस हड़बड़ा गया। संभोग-क्रिया में रत होने के कारण पुरुरवस उस समय निर्वस्त्र था। जल्दबाजी में उसे उर्वशी की दूसरी शर्त याद नहीं रही और वह मेढ़ों को बचाने के लिए बिस्तर से निर्वस्त्र हालत में निकलकर मेढ़ों के पीछे भागा। इसी बीच, इंद्र के संकेत पर आकाश में जोरदार बिजली चमकी और उस तेज प्रकाश में उर्वशी ने पुरुरवस को निर्वस्त्र देख लिया। संभोग के अलावा किसी अन्य समय पर पुरुरवस को निर्वस्त्र देखने के कारण उर्वशी की शर्त भंग हो चुकी थी। उसका अब देवलोक लौट जाना निश्चित था। यहां तक कि उर्वशी ने पुरुरवस के वापस आने की भी प्रतीक्षा नहीं की और उसे छोड़कर देवलोक चली गई। इंद्र की युक्ति सफल हो गई और गंधर्व तुंबरू का शाप भी फलीभूत हो गया। आखिर पुरुरवस को उर्वशी से अलग होना पड़ा। उर्वशी के जाने से पुरुरवस अत्यंत दुखी था। कुछ समय बाद वह बद्रिकाश्रम चला गया, जहां उसने भगवान विष्णु की आराधना की। विष्णु ने प्रसन्न होकर पुरुरवस को वरदान में उर्वशी के साथ वर्ष में एक बार मिलने की अनुमति प्रदान कर दी। कालांतर में उर्वशी और पुरुरवस के मिलन के फलस्वरूप उनके छह पुत्र हुए-आयुष, श्रुतायुष, सत्यायुष, रय, विजय और जय।

# चार बैगा परिवारों की संवर गई जिन्दगी

## पीएम जनमन से मिला नया घर




**मोहम्मद मुनीर | सिटी चीफ**

शहडोल, भारत सरकार ने देश की 75 विशेष पिछड़ी जनजातियों (पीवीटीजी) के उत्थान के लिये यह योजना प्रारंभ की है। इसमें (पीवीटीजी) परिवारों को पक्का घर, पोषण आहार, स्वछ जल, बिजली, अछी शिक्षा, रोग उपचार, गांव तक पक्की सड़क, संचार कनेक्टिविटी जैसी तमाम सुविधाओं एवं इन जनजातियों के रोजगार का प्रबंध भी किया जा रहा है। भारत सरकार के साथ मध्यप्रदेश सरकार भी प्रदेश की तीन विशेष पिछड़ी जनजातियों बैगा, भारिया एवं सहरिया के समग्र कल्याण के लिये विशेष उपाय कर रही है। इन जनजातियों के सभी परिवारों को पक्का घर एवं इन घरों को बिजली से रौशन करने के लिये सरकार तेजी से प्रयासरत है। इन चार बैगा परिवारों को भी पीएम जनमन की सबको घर और हर घर बिजली योजना का लाभ मिला है।

### देखा खुद के घर का सपना....

एक जनजातीय विशेषकर बैगा जनजाति बाहुल्य जिला है। जिले के ग्राम टेटका निवासी श्रीमती रामरती बैगा पहले एक कचे मकान में अपने परिवार के साथ रहती थीं। कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण रामरती बैगा को अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए मजदूरी तक करना पड़ी। मजदूर परिवार के लिए खुद के घर का सपना देखना मानो बेमानी था। पीएम जनमन योजना ने रामरती और उसके परिवार का यह सपना पूरा कर दिया। रामरती को अब पक्का घर मिल चुका है। पहले रामरती का परिवार ठंड, गर्मी, बरसात में जैसे-तैसे गुजर-बसर करता था, पर आज वे सभी खुशहाल जीवन जी रहे हैं। उनका जीवन स्तर भी सुधर रहा है। इन्हें अनेक शासकीय योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है। कचे घर की कठिनाईयाँ भी अब दूर हो गयी हैं।

### वर्षा और ठंड की चिटा मुक्त....

ग्राम पंचायत मसियारी की मुन्नीबाई बैगा की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। पहले वे कचे मकान में गुजर-बसर करती थीं। बरसात में आये दिन ऊपर से पानी ठपकता रहता था। ठंड में तो जीना मुहाल हो जाता था। काफी परेशानियां झेलनी पड़ती थीं। दूसरों के पक्के घर देखकर वे सोचती थीं कि इस जीवन में क्या वह भी कभी अपने पक्के घर में रह पायेगी। पर पक्के घर के मुन्नीबाई के सपने को जन-मन आवास योजना ने पूरा कर दिया है। योजना से मुन्नीबाई का पक्का घर तैयार हो गया है। अब वे इसी पक्के घर में रहती हैं। कचे घर की उन तमाम समस्याओं से भी उन्हें हमेशा के लिये निजात मिल गई है। वर्षा और ठंड की दिक्कतें भी अब नहीं उठानी पड़तीं।

### एक नई डगर, एक नया उजाला....

बुढ़ार की ग्राम पंचायत भमला निवासी आइतू बैगा भी इस योजना से पक्के घर की सौगात के लाभार्थी हैं। आइतू बैगा बताते हैं पहले उनका परिवार कची झोपडीनुमा घर में रहता था। जिसमें काफी परेशानियां झेलनी पड़ती थीं। पीएम जनमन से मेरा पक्का मकान तैयार हो गया है और अब मैं इसी मकान में खुशी-खुशी रहने लगा हूं। जयसिंहनगर की ग्राम पंचायत बनसुकली निवासी श्रीमती सरोजनी बैगा को भी पीएम जन-मन आवास योजना से पक्के घर का लाभ मिला है। कचे घर और उसकी परेशानियों को सरोजनी अब एक बुरे सपने की तरह भूल चुकी हैं। क्योंकि इन सबके जीवन में पीएम जन-मन योजना से एक नई डगर, एक नया उजाला जो आ गया है।

# जंगल मे फसे लोगो की मददगार बनी शहडोल पुलिस

## पीड़ित ने डॉयल हैंड्रेड पर लगाया था फ़ोन



**मोहम्मद मुनीर | सिटी चीफ |** शहडोल, अक्सर देखने में मिलता है की पुलिस से मदद मांगने में लोग कतराते है क्यकि किसी भी घटना के बाद ही पुलिस आती है ऐसा अब फिल्मो में भी देखा जा रहा लेकिन शहडोल की पुलिस लगातार काम पे कमाल किये जा रही है जिसके चलते शहडोल की लोकल पब्लिक का काम लेकिन बाहरी राहगीरों के लिए पुलिस सेवा किसी वरदान से से काम नहीं जो आधी रात सुनसान जंगल में मशीहा बनकर पहुंच गयी। उत्तर प्रदेश के लखनऊ से छत्तीसगढ़ के कोरबा जा रहे एक परिवार के लिए उस समय मुसीबत खड़ी हो गई ज़ब वह शहडोल जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र से गुजर रहे थे। इस दौरान सिंहपुर के आगे सूनसान जंगल मे रात्रि लगभग 3 बजे अचानक उनकी गाड़ी खराब हो गई। गाड़ी चालू करने काफी कोशिश की गई लेकिन वह स्टार्ट नही हुई। आधी रात और घने जंगल के बीच उन्हें डर का भी अहसास हो रहा था कि कहीं उनके साथ कोई अनहोनी न हो जाए। इसके बाद परिवार के मुखिया विकास दुबे ने रात्रि मे मदद के लिए अपने कई परिचितों को उत्तर प्रदेश मे फोन लगाया लेकिन किसी से ऐसी लिंक नही मिल पाई जो मीलों दूर मध्यप्रदेश के शहडोल जिले मे उनकी मदद कर सके। इसके बाद किसी परिचित ने बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस की डायल 100 सेवा लोगो के मदद के चलती हैं। इसके बाद श्री शुक्ला ने डायल 100 मे काल कर अपनी परेशानी साझा की। लोकेशन के हिसाब से फिर सिंहपुर थाना क्षेत्र की डायल 100 तक इसका पॉइंट आया। जिसके बाद तुरंत बिना देरी किए ड्यूटी मे तैनात सहायक उपनिरीक्षक महेन्द्र सिँह व पायलट कमल कान्त मिश्रा मौके पर रवाना हो गए। जैसे ही पीड़ित परिवार को सूनसान जंगल मे पुलिस का वाहन आता दिखाई दिया उन्होंने राहत की सांस ली। इसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने बिना देरी किए बिगड़े वाहन को सुरक्षित स्थान पर खड़ा कराते हुए उक्त परिवार के लिए एक किराए के वाहन की व्यवस्था कराई। जिसके बाद मध्य प्रदेश पुलिस और मौके पर पहुंचेंगे पुलिस कर्मियों को ह्रदय से साधुवाद देते हुए परिवार के लोग कोरबा के लोए रवाना हो गए।

# नशीले इंजेक्शन का जखीरा 1,200 नग इंजेक्शन बरामद

## पुलिस अधीक्षक की विशेष टीम की संयुक्त कार्यवाही



**मोहम्मद मुनीर | सिटी चीफ |**

शहडोल, पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक के निर्देशन में शहडोल पुलिस द्वारा अवैध नशे के तस्करों के विरूद्ध लगातार बड़ी कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक की विशेष टीम एवं कोतवाली पुलिस ने ट्रेन से लायी जा रही नशीली इंजेक्शन की बड़ी मात्रा को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। गैरतलब हो की पुलिस अधीक्षक की विशेष टीम को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि असद अली नाम का व्यक्ति बड़ी मात्रा में नशीली इंजेक्शन पाली तरफ से ट्रेन के माध्यम से शहडोल आ रहा है। प्राप्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक द्वारा कोतवाली पुलिस को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस द्वारा मुखबिर के सहयोग से शहडोल रेल्वे स्टेशन पर रैकी की गई। कुछ समय पश्चात असद अली उक्त ट्रेन से उतरा जिसे पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके बैग में से 1,200 नग प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बरामद हुए। जिनको रखने के संबंध में आरोपी के द्वारा कोई वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गए। पुलिस द्वारा उक्त इंजेक्शन जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 8, 21 एनडीपीएस एक्ट एवं 5/13 म.प्र. ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरी0 राघवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में उनि0 राकेश सिंह बागरी, सउनि0 रामराज पाण्डेय, राजेन्द्र तिवारी, प्रआर0 दिनेश प्रसाद केवट, महेन्द्र पाल शुक्ला, मायाराम अहिरवार, आर0 ह्रदेश भदौरिया एवं सायबर सेल से आर0 सत्यप्रकाश मिश्रा, प्रकाश द्विवेदी एवं हिमवंत चतुर्वेदी की सराहनीय भूमिका रही।

# शहडोल के बुढार से लापता हुई थी 16 साल युवती

## 20 साल का युवक उसे बहला फुसलाकर अपने साथ भाग ले गया था, युवती मैहर से दस्तयाब



**मोहम्मद मुनीर | सिटी चीफ|**

शहडोल, जिले के बुढार थानांतर्गत 16 साल की किशोरी घर से अचानक लापता हो गई। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की शिकायत थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच शुरू कर किशोरी की तलाश शुरू की तो उसके मैहर में होने की जानकारी मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि 20 साल का युवक ने उसे बहला फुसलाकर अपने साथ भाग ले गया था और उसे अपने घर में रखे हुए था। मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी युवक के माता-पिता ने किशोरी की शादी उससे करा दी थी। पुलिस ने मामले में आरोपी युवक और उसके माता-पिता के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

# अब शुक्रवार को कलेक्टर दूरभाष के माध्यम से सुनेंगे शिकायत

**दोपहर 3 बजे से सांय 5 बजे तक, दूरभाष क्रमांक 07652-241700**




**मोहम्मद मुनीर | सिटी चीफ**

शहडोल, कलेक्टर तरूण भटनागर द्वारा लोगों की समस्याओं को सुनने एवं निराकरण करने का नवाचार किया गया है। कलेक्टर तरूण भटनागर प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर 3 बजे से सांय 5 बजे तक दूरभाष के माध्यम से आमजनों की शिकायतों को सुनेंगे तथा निराकरण के निर्देश तत्काल संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए जाएंगे। आमजन प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर 3 बजे से सांय 5 बजे तक दूरभाष क्रमांक 07652-241700 पर कलेक्टर शहडोल से सीधा संवाद कर अपनी शिकायतो से अवगत करा सकेंगे। गौरतलब है कि उक्त नवाचार से शहडोल जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले लोगों का समय बचेगा और अन्य परेशानियों का सामना न करना पड़ेगा। साथ ही आसानी से कलेक्टर से घर बैठे सीधा संवाद कर अपनी समस्याओं को अवगत करा सकेंगें।

# मुहबोली माँ का अत्याचार प्राइवेट पार्ट दागा... मामला दर्ज




**मोहम्मद मुनीर | सिटी चीफ शहडोल**, जिले में अपराध का बढ़ता दायरा अब क्रूरता पर उतारू हो गया है मनो पुलिस और कानून का खौफ जिले से समाप्त होता जा रहा है, दरअसल एक दिल दहलाने वाली घटनाक्रम जिले के अमलाई थानांतर्गत घटित हो गयी जिसमे अमलाई थाना प्रभारी जेपी शर्मा ने बताया कि आरोपी महिला ने मासूम बचे को गर्म लोहे के तवे से उसके प्राइवेट पार्ट और हिप को भी दागा या जला दिया है। घटना के बाद जब बचा दर्द से तड़पने लगा, तब पड़ोस में रहने वाली एक महिला ने मासूम बचे की असल मां को घटना की जानकारी दी। उसके बाद यह मामला अमलाई पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि चीफ हाउस के पास रहने वाली गीता कोल अपने देवरानी की बहन रेनू कोल जो रीवा की रहने वाली है। उनके दो बचों में से तीन साल के बेटे ऋषभ को मौखिक तौर पर दो महीने पहले गोद ले लिया था। आरोपी महिला शुरुआती दिनों में बड़े ही प्यार से उसका पालन पोषण करती रही। फिर दो महीने के बाद अचानक वह उस मासूम को प्रताड़ित करने लगी। मामले में अमलाई थाना प्रभारी ने बताया कि जब पड़ोस में रहने वाली एक महिला ने बचे को जन्म देने वाली मां रेनू को फोनकर घटना की जानकारी दी, तब रेनू रीवा से अमलाई आकर बचे को वापस लिया। जब उसने बचे की हालत देखी तो वह हैरान रह गई। अमलाई थाना में उसने महिला के खिलाफ शिकायत दी और प्रताड़ित बचे का इलाज शुरू कराया। पीड़ित मां की शिकायत पर पुलिस ने प्रताड़ित करने वाली मुंहबोली मां गीता के खिलाफ धारा 115 (2), 118 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**प्रतिक्रिया ....** आरोपी महिला ने मासूम बचे को गर्म लोहे के तवे से उसके प्राइवेट पार्ट और हिप को भी दागा या जला दिया है। घटना के बाद जब बचा दर्द से तड़पने लगा, तब पड़ोस में रहने वाली एक महिला ने मासूम बचे की असल मां को घटना की जानकारी दी। मामले में आरोपित के खिलाफ धारा 115 (2), 118 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**जे पी शर्मा, थाना प्रभारी**
**थाना अमलाई, शहडोल**

# जनपद उपाध्यक्ष पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने पटवारी व आरआई हुए लामबंद



**लकेश पंचेश्वर | सिटी चीफ**

लालबर्रा, पटवारी संघ व राजस्व निरीक्षक के द्वारा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने व कार्यवाही हेतु लालबर्रा थाने में 27 जुलाई को ज्ञापन पत्र सौंपे हैं।

वहीं उक्त ज्ञापन पत्र में लेख है कि दिनांक 26 जुलाई को जनपद पंचायत लालबर्रा के सभा कक्ष में अनुविभागीय अधिकारी महोदय वारासिवनी द्वारा सचिव एवं पटवारी कि संयुक्त बैठक आयोजित की गई थी जिसमें तहसीलदार महोदय लालबर्रा, नायब तहसीलदार महोदय लालबर्रा,राजस्व निरीक्षक महोदय कनकी, राजस्व निरीक्षक महोदय लालबर्रा, पटवारी एवं सचिव तथा अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे उक्त बैठक के बाद अन्य विभाग के सभी कर्मचारियों को बैठक से बाहर जाने के बाद पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक की बैठक अलग से ली गई इस बैठक के समाप्त होने के बाद अनुविभागीय अधिकारी महोदय वारासिवनी के साथ सभी पटवारी राजस्व निरीक्षक तहसीलदार महोदय नायब तहसीलदार महोदय बैठक हाल से बाहर निकले जहां पर मुख्य द्वार के सामने किशोर पालीवाल धरावासी तहसीलदार महोदय के सामने आकर कुछ काम की बातें करने लगे बात करते-करते वहीं खड़े अंशुल राहंगडाले से गाली गलौच एवं धमकाने लगे एवं उसी के साथ तहसीलदार महोदय से भी अभद्रता से पेश आए एवं तहसीलदार महोदय को कहा कि कान के नीचे तमाचा मारुंगा ( जिसका वीडियो भी है) फिर बोले की सभी राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी सुन लो अपनी औकात में रहो नहीं तो तुमको सबको मारूंगा वहां पर महिला पटवारी भी उपस्थित थीं पालीवाल के द्वारा बोले गए अभद्र शब्दों से महिला पटवारी आहत एवं भयभीत है पालीवाल के अभद्र व्यवहार से समस्त पटवारी एवं पूरा संवर्ग भयभीत है एवं स्वयं को अपमानित महसूस कर रहा है इनके ऊपर तत्काल आपराधिक कार्यवाही कर प्रकरण दर्ज करने की मांग की गई है यदि मांगे पूरी नहीं हुई तो कलम बंद काम बंद की चेतावनी दी गई है।

### इनका कहना है

उन्होंने कहा कि सारे पटवारी अपनी औकात में रहे हमारी क्या औकात है मैं यह पुछना चाहती हूं कि यह औकात क्या होती है क्या शासकीय कर्मचारी से ऐसे बात करेंगे,हम फिल्ड पर काम करते हैं जबकि वह जिम्मेदार पद पर हैं और उनके द्वारा ऐसा कहा गया है ऐसे में हम कैसे काम करेंगे।

महिला पटवारी

पटवारी संघ के द्वारा आज थाना में आकर किशोर पालीवाल के विरुद्ध ज्ञापन दिये है जांच करा रहे हैं।

**हेमंत नायक**
**थाना प्रभारी लालबर्रा।**

# समारोहपूर्वक अमरनाथ यात्रियों को दी गई बिदाई

### जनपद सदस्य हरिशंकर बनवारी कर रहे जत्थे का नेतृत्व

**लकेश पंचेश्वर । सिटी चीफ**




लालबर्रा, भूखे को भोजन, प्यासे को पानी, जय बाबा बर्फानी' और 'बम-बम भोले' के सामूहिक उदघोष के साथ आज शनिवार को लालबर्रा के तीर्थयात्रियों का जत्था जम्मू-कश्मीर स्थित बाबा अमरनाथ के दर्शन को रवाना हुआ। इस हेतु ग्राम कटंगटोला स्थित श्री अनिरुद्ध बेलजी के निवास स्थान पर गढ़वाल समाज के प्रतिनिधिगण एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक सायंकाल को उपस्थित हुए। अमरनाथ यात्रा को जाने वाले सभी तीर्थयात्री यहीं पर उपस्थित हुए एवं जब सभी तीर्थयात्री आ गए तो उन्हें तिलक लगाकर एवं फूलमाला पहनाई गई,मिठाइयों से उनका मुंह मीठा करवाया गया और पटाखे फोड़कर हर्षपूर्वक विदा किया गया। विदाई के पूर्व गढ़वाल समाज के सक्रिय सदस्य मानपुर निवासी पिंटू नागेश्वर का जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया। जो लोग अमरनाथजी की यात्रा हेतु आज रवाना हुए उनमें मानपुर निवासी मनोज पंडितवार बारहवीं बार एवं नगपुरा निवासी जनपद सदस्य हरिशंकर बनवारी पांचवीं बार अमरनाथजी के दर्शनार्थ जा रहे है। अन्य तीर्थयात्रियों में कार्तिक बनवारी नगपुरा, अनिरुद्ध बेलजी एवं श्रीमती ललिता बेलजी कटँगटोला, जितेंद्र नागेश्वर पांढ़रवानी, राजेन्द्र शिववंशी भरवेली एवं ग्राम मानपुर के नीलेश पंचेश्वर, सतीष पंचेश्वर, एसुलाल पंचेश्वर एवं मोहन पंचेश्वर शामिल है। तीर्थयात्रियों को समारोहपूर्वक विदाई दी गई एवं उनकी सकुशल यात्रा हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। विदाई कार्यक्रम में जो लोग मुख्यत- उपस्थित रहे उनमें अखिल भारतीय गढ़वाल समाज मंडल लालबर्रा अध्यक्ष अनिल ब्रम्हे, प्रदीप सूर्यवंशी, लिखीराम हरिन्द्रवार, अरुण गोयल, विनय हरिद्वाज,श्रीमती हेमलता धानेश्वर,श्रीमती मीना कुरमजी, श्रीमती रानू हरिद्वाज,धनपाल हटवार,बद्रीनाथ मते,शरद धानेश्वर,चन्द्रकुमार ब्रम्हे,रोहित नागवंशी,संतोष नागेश्वर, आकाश मदन नागेश्वर,आशु ब्रम्हे,कृष्णकुमार नागेश्वर,आशु बेलजी,प्रेम पंचेश्वर, नितेश पंचेश्वर, श्रीमती समुद्रीबाई गोयल आदि शामिल थे।

# जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के तहत की हर घर नल-हर घर जल योजना की समीक्षा

### मुख्य विकास अधिकारी को टीम गठित कर रोड रेस्टोरेशन के कार्यों की जांच करने के दिए निर्देश, एक्सईन एवं एई के वेतन रोकने के निर्देश

**गौरव सिंघल । सिटी चीफ**



सहारनपुर, जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल-हर घर जल योजना की समीक्षा हेतु जनपद में किये गये कार्यों की प्रगति के संबंध बैठक आहूत की गयी। डीएम मनीष बंसल ने सड़कों की पुनर्स्थापना का कार्य कंपनियों को प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित करने को कहा। साथ ही प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को टीम गठित कर रोड रेस्टोरेशन के हुए कार्य की जांच कर 10 दिन में रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियन्ता जल निगम योगेश कुमार एवं एई रवि वर्मा के अपनी जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाही बरतने पर वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जल जीवन मिशन शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, एई अनुज कुमार सहित फर्मों के अधिकारी, टीपीआई एवं जल निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

# शाजापुर में युवक की बेहरमी से हत्या

### पुलिस आरोपियों का पता बताने वाले को देगी 10 हजार रुपये का ईनाम



**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ ।** शाजापुर, युवक की गला काटकर बेरहमी से हत्या कर शव झाडियों में फेंके जाने का मामला सामने आया है। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने कातिल का सुराग देने वाले को 10 हजार रुपये का ईनाम देने की घोषणा की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 जुलाई 2024 शुक्रवार की रात शाजापुर जिला मुख्यालय से लगभग 03 किलोमीटर दूर ग्राम सापंखेड़ा रोड पर चीलर डेम के पास मनिहारवाड़ी निवासी अबरार पिता सरदार खां उम्र 35 साल का शव मिला था। युवक के गले को धारदार हथियार से काटा गया था जिस पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। वहीं मामला सदिंग्ध होने से पुलिस द्वारा थाना कोतवाली में मर्ग क्रमांक 37/2024 धारा 194 बीएनएसएस का दर्ज कर अलग-अलग टीम बनाकर जांच हेतु रवाना की गई है। साथ ही पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत के द्वारा उक्त घटना में जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु 10000 रुपये का ईनाम देने की घोषणा की गई है।

# देवबंद-रुडक़ी रेलवे लाइन का काम जोरों पर

### दो नए स्टेशन भी लगभग बनकर है तैयार

**गौरव सिंघल । सिटी चीफ**



सहारनपुर । देवबंद, यूपी से उत्तराखंड को जोड़ने वाली देवबंद-रुडक़ी रेलवे लाइन का तेजी के साथ किया जा रहा है। पटरी बिछाने का काम भी जोरो पर हो रहा है। दो नए स्टेशन भी करीब-करीब बनकर तैयार हैं। करीब तीन माह में देवबंद से रुडक़ी के लिए ट्रेनों का संचालन शुरू होने की संभावना है। देवबंद रेलवे स्टेशन पर जंक्शन का बोर्ड भी लगा दिया गया है। जानकारी के मुताबिक रेलवे लाइन का 17 किमी. क्षेत्र यूपी में तो 10 किमी. हिस्सा उत्तराखंड में है। वर्ष 2006 में देवबंद रुडक़ी रेल लाइन बनाने की घोषणा हुई थी। रेलमार्ग के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर सालों तक रेलवे विभाग और किसानों के बीच मुआवजे का मामला फंसा रहा। जिसके बाद कोरोना काल के चलते काम बंद रहा। लेकिन कोरोना काल के बाद से इस परियोजना पर तेजी से काम जारी है। रेलवे विभाग इस नए रेलमार्ग को जल्द ही शुरू करने की जद्दोजहद में है। इसके तहत रेलमार्ग के दोनों नए स्टेशनों का निर्माण करीब-करीब हो गया है। इसमें बन्हेड़ा खास स्टेशन यूपी और झबरेड़ा स्टेशन उत्तराखंड में बनाया गया है। करीब 20 किमी. मार्ग में पटरी भी बिछा दी गई है। बिजली के खंभे लगाने का काम भी चल रहा है। देवबंद रेलवे स्टेशन पर भी रुडक़ी रूट की ट्रेनों के लिए नया प्लेटफार्म बनने के साथ ही देवबंद जंक्शन का बोर्ड भी लगा दिया गया है। नए रेलमार्ग पर ट्रेनों का संचालन शुरू होने के बाद देवबंद ही नहीं बल्कि दिल्ली, हरिद्वार व देहरादून आने जाने वाले यात्रियों को बेहद लाभ होगा रेल परियोजना पूरी होने के बाद ट्रेन यूपी के जिला सहारनपुर के 14 गांवों और उत्तराखंड के जनपद हरिद्वार के 11 गांवों से होकर गुजरेगी। इनमें देवबंद में प्रमुख रूप से गांव बन्हेड़ा खास, जाटौल, मंझौल जबरदस्तपुर, नियामतपुर, माजरी, असदपुर करंजाली, दिवालहेड़ी, नूरपुर देवबंद हदूद शामिल हैं। फिलहाल रुडक़ी, हरिद्वार और देहरादून जाने के लिए यात्रियों को सहारनपुर या फिर टपरी स्टेशन से होकर जाना पड़ता है। लेकिन नया रेलमार्ग बनने के बाद यात्री सीधे रुडक़ी होते हुए देहरादून व हरिद्वार आदि स्टेशनों की तरफ जा सकेंगे। इससे जहां 33 किमी. की दूरी कम हो जाएगी और यात्रियों का लगभग एक घंटा बचेगा वहीं, किराये का भी कम लगेगा। सीनियर सेक्शन इंजीनियर रविंद्र कुमार ने बताया कि देवबंद-रुडक़ी रेल लाइन परियोजना का काम तेजी से चल रहा है। बन्हेड़ा खास गांव तक पटरी बिछा दी गई है। बन्हेड़ा खास और झबरेड़ा स्टेशन के निर्माण कार्य को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अक्टूबर माह में इस रूट पर ट्रेनों के संचालन के लिए पूरी तरह तैयार हो जाने की उम्मीद है।

### अभाविप का सेंट पीटर स्कूल मे प्रदर्शन अभाविप का आरोप -बच्चो को डॉक्टर इंजिनियर नहीं बल्कि फादर नन बनाने की कोशिश

# स्कूल से ईसाई समाज के देवी देवताओं की तस्वीर हटाई... भारत माता की आरती कर तस्वीर लगाई

**राघवेन्द्र सिंह डोडीया । सिटी चीफ ।**




जावरा, पिपलौदा रोड़ स्थित ईसाई कम्यूनिटी द्वारा संचालित सेंट पीटर्स सिनीयर सेकेण्डरी स्कूल में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विद्यालय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर प्रदर्शन किया, पहले विद्यालय के गेट के बाहर जमकर नारेबाजी की, फिर विद्यालय के अंदर दाखिल होकर विद्यालय के कार्यालय और कक्षाओं में लगे ईसाई कम्यूनिटी के पोस्टर, केलेण्डर हटाकर उनके स्थान पर मां सरस्वती की तस्वीर लगाई और भारत माता की आरती उतारी। इसी बीच सूचना पर पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंचा। जहां अभाविप कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच भी नौकझोक हो गई। शनिवार सुबह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई जावरा ने सेंट पीटर स्कूल मैं चल रही अनियमिताओं को लेकर आंदोलन और प्रदर्शन किया। अभाविप पदाधिकारियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि ईसाई कम्पयूनिटी के स्कूल में बच्चों को डाक्टर,इंजिनियर बनाने के बजाय नन और फादर बनाने पर जोर दिया जाता हैं। स्कूल में होली, दीवाली या अन्य त्यौहार नहीं मनाते हुए केवल क्रिस्मस का त्यौहार ही मनाया जाता है, स्कूल में एक ईसाई सम्प्रदाय के देवी की प्रतिमा लगी हैं, जिस पर लिखा हैं यही तुम्हारी मां हैं, विद्यालय प्रबंधन द्वारा नन्हे मुन्नों बच्चों को केवल ईसाई कम्पूनिटी के देवी देवाताओं के बारे में ही बताया जाता हैं और तो तो सुबह होने वाली प्रार्थना और राष्ट्रगान के बाद भारत माता के जयकारे भी नहीं लगाए जाते हैं, बच्चों को तिलक व हाथों में कुछ भी बांधने से भी मना करा जाता है सभी कक्षाओं में ईसाई धर्म के ही पोस्टर व केलेण्डर लगे हैं। विद्या की देवी सरस्वती की एक भी प्रतिमा या फोटो नहीं लगी हैं। प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने सुबह प्रार्थना के पश्चात भारत माता का जय घोष करवाने, सभी कक्षाओं में लगी ईसाई धर्म की देवी देवताओं की तस्वीर हटाने और भारत माता और मां सरस्वती की तस्वीर लगाई जाने की मांग की, विद्यालय में क्रिसमस के अलावा अन्य धर्मों के त्यौहार भी मनाए जाए ताकि बच्चों को सभी धर्मों के त्यौहारों और रिती रिवाजों का भी ज्ञान हो। विद्यार्थी परिषद पदाधिकारी कार्यकर्ता बारिश में डटे रहे और स्कूल कार्यालय में भारत माता और सरस्वती माता की तस्वीर लगाई उसके बाद में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जावरा के कार्यकर्ताओं द्वारा स्कूल के ऑफिस में भारत माता की सामूहिक आरती की गई और सभी कक्षाओं में लगी हुई ईसाई धर्म के देवी देवताओं की तस्वीर भी हटवाई गई। इस दौरान जिला संयोजक सत्यम दवे, नगर मंत्री रविश चौरडिया के साथ नगर कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

### मिलिट्री इंजीनियर सर्विस में नौकरी लगाने के नाम पर 06 आवेदकों से 6-6 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई है



**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ ।** शाजापुर, मिलिट्री इंजीनियर सर्विस में नौकरी लगाने के नाम पर 6 लोगों से 36 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 जुलाई 2024 को साहिल पिता मेहबूब पटेल उम्र 20 साल निवासी गंधर्वपुरी थाना सोनकच्छ जिला देवास ने अपने दोस्त सचिन पिता जगदीश प्रजापति उम्र 24 साल गंधर्वपुरी थाना सोनकच्छ जिला देवास, देवेन्द्रसिंह यादव पिता सूबेदारसिंह यादव उम्र 25 साल निवासी डीआरपी लाइन देवास, राज पिता राजेश पांचाल उम्र 24 साल निवासी हाट पिपलिया देवास के साथ आकर कोतवाली थाने पर आरोपी दरबारसिंह के विरुद्ध नौकरी का झांसा देकर रुपये लेकर धोखाधड़ी करने की शिकायत की थी, जिस पर पुलिस ने आरोपी दरबारसिंह के विरुद्ध धारा 420, 464, 468, 471 भादवि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया। इसके बाद थाना प्रभारी कोतवाली ब्रजेश मिश्रा द्वारा उक्त आरोपी की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई, जिस पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दरबारसिंह को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर रिकवरी हेतु प्रयास किए जा रहे हैं। आरोपी के द्वारा कुल 06 आवेदकों से 6-6 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई है।

# डायनॉमिक मोड में राजस्व महा अभियान का क्रियान्वयन करें-संभागायुक्त

### संभागायुक्त ने शाजापुर का भ्रमण कर राजस्व महा अभियान के अंतर्गत की जा रही कार्रवाई का किया निरीक्षण

**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ ।**



शाजापुर, उज्जैन संभागायुक्त संजय गुप्ता ने शाजापुर में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व महा अभियान 2.0 का क्रियान्वयन डायनॉमिक मोड में करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ऋजु बाफना, अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर अर्चना कुमारी, सहायक कलेक्टर शिवम यादव, अपर कलेक्टर भुरलासिंह सोलंकी, जिला पंचायत सीईओ संतोष टैगोर, उपायुक्त रणजीत कुमार, गरीमा रावत, डिप्टी कलेक्टर राजकुमार हलदर सहित राजस्व अधिकारी मौजूद थे। संभागायुक्त गुप्ता ने राजस्व महा अभियान 2.0 में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान को गतिशील बनाएं। नक्शा तरमीम का अमल पटवारियों से प्राथमिकता से कराएं। अविवादित कोई भी प्रकरण एक माह से अधिक लंबित नहीं रखें। तहसीलदार रीडर पर निर्भरता नहीं रखें, प्रकरणों को स्वयं देखें। सभी प्रकरणों का समयावधि में निराकरण कराएं। पूर्व में एवं वर्तमान में लिए गए सभी निर्णयों का अमल पटवारियों से 24 घण्टे के भीतर कराएं। 1925 की स्थिति में दर्ज देव स्थान की शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराएं और अभिलेख में शासकीय दर्ज करें। इस दौरान तहसीलदार न्यायालय कोर्ट के नामांतरण, बटवारा, अविवादित नामांतरण, अविवादित बटवारा, ईकेवायसी, राजस्व महा अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्य, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना ईकेवायसी, राजस्व वसूली एवं अन्य प्रकरणों के लक्ष्य के विरूद्ध निराकरण की समीक्षा की गई। वहीं कलेक्टर ने राजस्व महा अभियान के अंतर्गत जिले में की जा रही कार्रवाईयों से अवगत कराया। साथ ही कलेक्टर ने कहा कि जिले के राजस्व अधिकारी समयसीमा में लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।

**राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण**

संभागायुक्त ने शाजापुर जिले के राजस्व न्यायालय मक्सी एवं शाजापुर का निरीक्षण कर राजस्व महा अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों को देखा। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्णयों का अमल 24 घण्टे में होना चाहिए, इसके लिए अपने-अपने क्षेत्रों के पटवारियों की बैठक लेकर उन्हें निर्देशित करें। कोई भी प्रकरण न्यायालय में 6 माह से अधिक लंबित नहीं रखें। सभी प्रकरणों का निराकरण समयावधि में करें। अमल की कार्रवाई को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखें। शाजापुर तहसील न्यायालय के निरीक्षण में तीन माह से अधिक के प्रकरण लंबित रखने पर संभागायुक्त ने रीडर को नोटिस देने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि समयसीमा में प्रकरण निराकृत नहीं होने की स्थिति में फाईन लगाया जा सकता है।

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का नर सेवा- नारायण सेवा अभियान का शुभारंभ

### चलता फिरता- मुफ़्त अस्पताल दद्दा जी की जन्म शताब्दी पर सच्ची श्रद्धांजलि -श्रीमती प्रतिमा बागरी राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन

**उमेश कुशवाहा । सिटी चीफ ।** सतना, पं. गणेश प्रसाद मिश्र जन्म शताब्दी पर जिले को समर्पित चलता फिरता अस्पताल नेह निकुंज बम्हनगवां में उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। आपका अस्पताल -आपके द्वार एंबुलेंस के शुभारंभ अवसर के मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिमा बागरी, विशिष्ट अतिथि योगेश ताम्रकार महापौर नगर निगम, डॉक्टर डी.के. सिंह, डॉक्टर श्रीमती डी सिंह, डॉक्टर सुनील अग्रवाल, डॉक्टर नरेंद्र शर्मा, डॉक्टर प्रवीण श्रीवास्तव, डॉक्टर आर.के. नेमा कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्र ने की ।सर्वप्रथम दद्दा बाई के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित की। उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। तदुपरांत सेवा न्यास कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का गणमान्य नागरिकों का सम्मान, अंग वस्त्र, प्रभु श्री राम का दुर्लभ चित्र, प्लास्टिक मुक्त भारत हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत कपड़े का थैला, सेवा न्यास की समस्त गतिविधियों पर आधारित सप्तम पुष्प भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में श्रीमती प्रतिमा बागरी राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन ने कहा कि सेवा न्यास द्वारा चलता फिरता मुफ़्त अस्पताल डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा चलाई जा रही योजना के अंतर्गत इसका लाभ दूर दराज गांव देहात में निवास करने वाले मरीज़ों को अवश्य मिलेगा इस एंबुलेंस में डॉक्टर पैरामेडिकल की टीम एंबुलेंस में उपस्थित होकर उन्हें परामर्श दिया जाएगा वह निःशुल्क दवाइयां भी दी जायेंगी। चलता फिरता मुफ़्त अस्पताल दद्दा जी की जन्मशताब्दी पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि: श्रीमती प्रतिमा बागरी राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन आपका अस्पताल - आपके द्वार मुफ्त अस्पताल शुभारंभ के अवसर पर श्रीमती प्रतिमा बागरी राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन ने कहा कि परम पूज्य दद्दा जी स्वयं वैद्य थे ।उच्चतम आधुनिक टेक्नोलॉजी से युक्त मेडिकल एम्बुलेंस उनसे प्रेरणा लेकर घर बैठे 23 प्रकार की जांच आपके व्हाट्सएप पर उपलब्ध जांच प्राप्त हो जाएगी। ग्रीन एम्बुलेंस के बाद चलता फिरता - मुफ़्त अस्पताल सतना जिले हेतु बहुत बड़ी सौग़ात: योगेश ताम्रकार महापौर सतना महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि अभी ग्रीन एम्बुलेंस सतना में पेड लगाना व उनकी देखभाल करती है। अब उस कड़ी में आज मुफ़्त अस्पताल वह भी सर्व सुविधा युक्त है, तो यह सतना के लिये डॉ. राकेश मिश्र की दूरगामी सोच का असर है ।अपना सपना-हरा भरा सतना का जो भाव पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने व्यक्त किया है आज वही सतना नगर निगम का ध्येय भाव बनकर 'हरा-भरा सतना लक्ष्य है अपना' नगर निगम सतना ने अपना लिया है। एक पेड माँ के नाम चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत माननीय प्रतिमा बागरी के सुझाव पर 11000 पेड़ लगाने का संकल्प जन सहयोग से पूरा किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण तैयारी हो चुकी है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए रविवार को 11:30 बजे टाउन हॉल में पर्यावरण प्रेमियों से आग्रह है कि सुझाव देने हेतु कार्यक्रम में पहुंचकर हरा भरा सतना लक्ष्य है अपना अभियान को मजबूती प्रदान करें। डॉ राकेश मिश्र जी के द्वारा निरंतर उपहार स्वरूप दिए जा रहे हैं सब्जियों के दुर्लभ बीज वितरित किये जाते हैं। सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान की सराहना करते हुए महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा है कि डॉ राकेश मिश्र जी के द्वारा सर्टिफाइड कंपनी के सब्जियों के दुर्लभ बीज दिए जा रहे हैं जिसका लाभ जन जन तक पहुंच रहा है। सेवा न्यास का प्रयास बहुत ही उल्लेखनीय है: डॉ. डी.के सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सतना के मशहूर डॉक्टर डी के सिंह ने कहा कि कई दशकों तक ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य क्षेत्र में अपनी सेवाएं मैंने दी हैं। मैं अपने अनुभव से यह कह सकता हूं कि डॉ. राकेश मिश्रा जी का चलता फिरता मुफ़्त अस्पताल, ग्रामीण अंचलों में निवास करने वाले मरीजों को वरदान सिद्ध होगा। इनकी रही उपस्थिति:कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेश चतुर्वेदी पालन( नगर निगम अध्यक्ष), मणिकांत माहेश्वरी( प्रांत अध्यक्ष संस्कार भारती), अनंत सोनी (अध्यक्ष-चरु यूनिवर्सिटी), डॉ राजेश जैन, डॉक्टर डी के सिंह, डॉक्टर श्रीमती डी सिंह, डॉक्टर आर.के. नेमा, डॉक्टर प्रवीण श्रीवास्तव, पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के पूर्व सदस्य लक्ष्मी यादव, सुधीर रिछारिया, देवेंद्र पांडे मैहर, विष्णु अग्रवाल जी, शुभम ताम्रकार, वीडी पाण्डे पूर्व टी आई और सतना मैहर के न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# गड्ढे में डूबने से युवक की मौत

**शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, मामले में मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच शुरू की**




**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ**

**शाजापुर**, गड्ढे में नहाते हुए डूबने से युवक की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुमित पिता महेश जाटव उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम बोलाई शनिवार को गांव के गड्ढे में जमा बारिश के पानी में नहा रहा था, तभी उसकी डूबने से मृत्यु हो गई। शव को पोस्टमार्टम हेतु शाजापुर जिला अस्पताल लाया गया। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच शुरू की है।

# शाजापुर में हुआ सड़क हादसा

**डिवाईडर में कार घुसने से एक की मौत, पांच घायल**



**भगवान दास बैरागी | सिटी चीफ** | शाजापुर, कार के डिवाईडर से टकरा जाने पर एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत कार्यालय के समीप एबी रोड शाजापुर पर शुक्रवार रात कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जा घुसी। कार में सवार कमल पिता रामचरण की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं विराज पिता काशीराम, ओमप्रकाश पिता मदनलाल, महेश पिता शंकरलाल, राजू पिता मदनलाल और सचिन पिता चंद्रलाल निवासी सभी राजगढ़ पचोर घायल हो गए जिन्हे उपचार हेतु शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी और अगले हिस्से में चालक फंस गया था जिसे मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका।

# बादलों के लगातार बरसने से लबालब हुए नदी-नाले

**पुलिया से बह निकला पानी**

**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ ।**

**शाजापुर,** आसमान से लगातार बादलों के बरसने से नदी-नाले उफान पर आ गए और कई ग्रामीण क्षेत्रों का जिला मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह से टूट गया। मानसून की सक्रियता के चलते रूक-रूककर बादलों के बरसने का सिलसिला जारी है और यही कारण रहा कि शनिवार को भी कभी तेज तो कभी रिमझिम फुंहारों के साथ बदरा बरसते रहे और इस कारण लखुंदर नदी के उफान पर आने से भदौनी पुलिया, महूपुरा चीलर नदी, सपरीपुरा, बादशाही पुल, जाईहेड़ा-बाईहेड़ा, बिजाना पुलिया पर आवागमन बंद हो गया। उल्लेखनीय है कि आसमान से निरंतर बरस रही बूंदों के चलते शाजापुर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में कई पुलियाओं पर पानी का कब्जा हो गया। बारिश की वजह से भदौनी पुलिया पर लखुंदर के उफान पर आने और सपरीपुरा पुलिया पर चीलर नदी का तेज बहाव होने की वजह से आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने पुलियाओं पर बेरिकेड्स लगाए, ताकि लोगों को पुलिया पार करने से रोका जा सके।



**19.3 मिमी औसत वर्षा** जिले में शनिवार सुबह 8 बजे तक 19.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्वाधिक वर्षा तहसील अंवतिपुर बड़ोदिया में 36 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह तहसील शाजापुर में 14 मिमी, मो. बड़ोदिया में 18 मिमी, शुजालपुर में 7 मिमी, कालापीपल में 12 मिमी, गुलाना में 22 मिमी एवं पोलायकलां 26 मिण्मी वर्षा हुई है। इस प्रकार 01 जून 2024 से अब तक शाजापुर 358 मिमी, मो बड़ोदिया में 348 मिमी, शुजालपुर में 404 मिमी, कालापीपल में 568 मिमी, गुलाना में 233 मिमी, ,पोलायकलां में 204.9 एवं अं. बड़ोदिया में 356 मिमी। इस तरह कुल 353.7 मिमी औसत वर्षा हुई है।

# बीकेएसएन कालेज के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीएस विभूति ने हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों के दल को रवाना किया**

**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ ।**

शाजापुर, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के माध्यम से शनिवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर के विद्यार्थियों ने औद्योगिक भ्रमण के तहत श्रीधी डेयरी उद्योग मक्सी का भ्रमण किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीएस विभूति ने हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों के दल को रवाना किया। श्रीधी प्रोडेक्शन प्लांट में विद्यार्थियों ने दूध पाश्चुरीकरण प्रक्रिया को नजदीक से देखा एवं इस प्लांट के विभिन्न सेक्शन का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने दूध की गुणवत्ता मापने की प्रक्रिया हेतु लगाई गई मशीनों का अवलोकन किया। साथ ही विभिन्न प्रकार के प्रोडेक्ट को पेकिंग होते हुए देखा। इसमें प्रमुख रूप से दूध के 100 ग्राम, 200 ग्राम, 500 ग्राम, 1 लीटर, 5 लीटर के पैकिंग होते हुए देखा एवं घी, मक्खन, दूध पावडर की प्रक्रिया को समझा। इस दौरान जनरल मैनेजर हेमंत पटेल ने छात्रों को डेयरी के प्रोडेक्शन प्रक्रिया पर व्याख्यान दिया एवं कंपनी द्वारा विद्यार्थियों को गिफ्ट में श्रीखण्ड प्रोडक्ट दिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ बीके सोलंकी, प्रो अरविंद शर्मा, प्रो गरिमासिंह परिहार, डॉ नहव आलम अंसारी, अमर वर्मा, माया मेवाड़ा सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।




# निजी अस्पताल के डॉक्टर पर नही हुई कार्रवाई

**करणी सेना करेगी कलेक्टर कार्यालय का घेराव**

**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ ।**

शाजापुर, प्रशासन के द्वारा आशीर्वाद अस्पताल के डॉक्टर पर शिकायत के बावजूद कार्रवाई नही किए जाने से आक्रोशित करणी सैनिक थाना कोतवाली पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। साथ ही दो दिनों में कार्रवाई नही होने पर कलेक्टर कार्यालय घेराव करने की चेतावनी दी। शनिवार को करणी सेना के पदाधिकारी शाजापुर कोतवाली थाना पहुंचे और यहां ज्ञापन देकर निजी अस्पताल के डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की। करणी सेना जिलाध्यक्ष सुरेंद्रसिंह जादौन ने बताया कि नैनावद निवासी गीता शर्मा का शाजापुर के आशीर्वाद हॉस्पिटल में इलाज कराया गया था, जहां पर उसके पेट में बचे की मौत होने पर डॉक्टरों ने पेट की ढंग से सफाई नहीं की थी जिसकी वजह से गीता के शरीर में संक्रमण फैल गया और उसकी हालत गंभीर हो गई। आशीर्वाद अस्पताल की महिला डॉ भारती शिवहरे ने लापरवाही मानने की बजाय गीता शर्मा को इंदौर ले जाने को कहा और अब गीताबाई गंभीर हालत होने पर इंदौर के बॉम्बे हॉस्पिटल में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रही है। उसके इलाज में लाखों रुपए खर्च हो गए हैं। डॉक्टर के द्वारा बरती गई लापरवाही को लेकर करणी सेना ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन मामले में कोई सुनवाई नही हुई। जादौन ने बताया कि डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर करने की मांग को लेकर थाना कोतवाली पर ज्ञापन दिया गया है। यदि दो दिनों में कार्रवाई नही हुई तो सोमवार को करणी सेना कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर अनिश्चितकाल के लिए कार्यालय परिसर में डेरा डालेगी। ज्ञापन में मांग की गई कि अस्पताल के डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए और महिला और उसके परिवार के लोगों को क्षतिपूर्ति राशि दिलाई जाए।




# नगर परिषद के कर्मचारियों की दादागिरी

**स्ट्रीट वेंडरो का समान से भरा ठेला पलटा रहे है नगर परिषद कर्मचारी**

**उमेश कुशवाहा । सिटी चीफ** सतना, सतना जिले के बिरसिंहपुर के नगर परिषद के कर्मचारियों की दादागिरी चर्म सीमा पर,नगर परिषद के कर्मचारी इस कहावत को ठीक विपरीत काम करते हुए स्ट्रीट वेडरो के समान से भरे ठेले पलटा रहे है,सामग्री को सड़क पर फेक कर ,युवा दुकानदारों से नगर परिषद के कर्मचारियों गुंडागर्दी कर रहे है,सूत्रों के हवाले पता चला की नगर परिषद बिरसिंहपुर के परिसर के पास बने कांप्लेक्स के पास कुछ युवा अपने परिवार के लिए हाथ ठेला लगाकर रोजगार कर रहे थे किंतु नगर परिषद बिरसिंगपुर के कर्मचारियों को यह नागवार गुजरा और उनके ठेलो को जप्त कर लिया गया ये गरीब नौजवान, बेरोजगार अपने परिवार का पालन पोषण करने के लिए सड़क के किनारे हाथ ठेले की दुकान लगते थे और रात में अपने ठेले लेकर चले जाते थे। ज्ञात हो कि एक ओर जहां प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री युवाओं को रोजगार देने के लिए बड़ी बड़ी योजनाएं लागू कर रहे है। हाथ ठेला वालो को 10 हजार की राशि प्रदान कर रहे है,वही दूसरी ओर नगर परिषद बिरसिंहपुर के कर्मचारी आता-ताई का रूप धारण करके इनके रोजगार को छीन भिन कर रहे हैं। जरा सोचिए इनके रोजगार छीन जाने से उनके परिवारों पर क्या बीतेगी इनको दो वक्त की रोटी कैसी मिलेंगी , बताया गया की सचिन चाट वाले की दुकान का पूरा सामान नगर परिषद के कर्मचारियों ने सड़क पर फेक दिया वह अपना मानसिक संतुलन खो बैठा और सड़क के समान को उठा उठा कर रोने लगा उसका भविष्य क्या होगा उसके परिवार का जीवन यापन कैसे चलेगा, क्या प्रशासन इनके रोजगार के लिए कोई योजना बनाएगी।



# विक्रय के पूर्व महिला को अवैध गांजा के साथ कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

**6 किलो गांजे के साथ महिला गिरफ्तार**

**सुनील यादव । सिटी चीफ**

कटनी, कटनी कोतवाली पुलिस को लगातार मिल रही मुखबिर की सूचना पर कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा ने तत्काल एक टीम गठित कर मुखबिर के बताए अनुसार गायत्री नगर अंबेडकर वार्ड में एनकेजे जाने वाले रास्ते पर गायत्री पुलिया के सामने एक महिला पीले रंग का सलवार सूट पहने पीठ मे काले रंग का पिटठू बैग टांगे मिली जो पुलिस को देखकर घबरा गई जिस महिला ने पूछताछ में अपना नाम अकबरी बेगम पति स्व. मोहम्मद इम्तियाज खान, निवासी रद्दी चौकी के पास धनीराम होटल के बाजू से थाना गोहलपुर जिला जबलपुर का होना बताया महिला का आचरण संदेहास्पद प्रतित होने के कारण वहां से निकल रहे राहगीर के समक्ष महिला के पास मिले बैग की पुलिस ने तलाशी ली बैग के अंदर तीन पैकेट हरे रंग की पन्नी मे खाकी टेप से लिपटे हुये मिले जिन्हे खोल कर देखने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। आरोपियो के कब्जे से कुल 6 किलो किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती लगभग 60000रु. का जप्त करते हुए। महिला को गिरफ्तार कर थाने लगाया गया जहां मादक पदार्थ का भौतिक सत्यापन करने पर गंजा हो ना पाया गया। पुलिस ने महिला पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



# अज्ञात वाहन की टक्कर से अनियंत्रित होकर खाई में गिरी कार

**घटना में कार सवार परिवार को मामूली चौंट आई, कोई जान हानि नहीं**



**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ।**

**शाजापुर,** अज्ञात वाहन की टक्कर से कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोड़ा निवासी परिवार शनिवार को कार में सवार होकर इंदौर जा रहा था, तभी अभयपुर-पनवाड़ी के बीच अज्ञात वाहन ने कार को टक्कर मार दी। इस घटना में कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। गनीमत रही कि घटना में कार सवार परिवार को मामूली चौंट आई।

**अनुराग वर्मा ने कहा**

# अधिक पावर के साथ जिम्मेदारियां भी अधिक बढ़ जाती है



**उमेश कुशवाहा । सिटी चीफ।**

सतना, कलेक्टर नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस के नवीन बेच का शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि अधिक पावर के साथ जिम्मेदारियां भी अधिक बढ़ जाती है। अपनी सिविल सर्विस की जर्नी के पर बताया कि किस तरह से प्री, मैंस, इंटरव्यू क्वालीफाई हुए और सिलेक्शन के बाद से कलेक्टर बनने तक के सफर के अनुभव साझा किए। इस दौरान आने वाली चुनौतियां तथा उनमें किस तरह से निर्णय लिया जाए उनके बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि हमारा निर्णय सही होना चाहिए। इसका पता हमें निर्णय के प्रभाव से चलता है। अगर हमारे निर्णय का प्रभाव सही रहा, तो हमने सही निर्णय लिया और अगर हमारे निर्णय का प्रभाव गलत हुआ, तो हमने गलत निर्णय लिया। इसीलिए हमें सही निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने अभ्यर्थियों को चंद्रगुप्त की कहानी सुनाते हुए कहा कि चंद्रगुप्त एक बार युद्ध में हार गए थे, तब चाणक्य ने उन्हें बताया कि अगर हमारे पास गर्म खाना रखा है, तो हमें पहले किनारे से खाना होता है। हमें मगध को जीतना है, तो आसपास के क्षेत्र को पहले जीतना होगा। इसलिए हम पढ़ाई करते वक्त पहले छोटी-छोटी चीजों से शुरुवात करें।

# एनडीपीएस के शातिर फरार आरोपी रामसजीवन पटेल गिरफ्तार

**एसपी ने रखा था 5000 रूपये का ईनाम**

**मोहम्मद मुनीर । सिटी चीफ ।**

शहडोल, जिले के थाना देवलोंद द्वारा एनडीपीएस एक्ट के फरार आरोपी रामसजीवन पटेल निवासी करौदिया थाना देवलोंद जिला शहडोल को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इस आरोपी के विरूद्ध थाना पपौंध में पूर्व से अपराध पंजीबद्ध था। बीते दिनांक 15.06.24 को मुखबिर सूचना के आधार पर थाना देवलोंद पुलिस द्वारा ग्राम सुखाड बुडवा कुदरी रोड हनुमान मंदिर के पास नाकाबंदी वाहन क्र0-एमपी 17 सीसी 6894 कार की चेकिंग के दौरान गांजा मिलने पर 03 आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान महफूज खान एवं रौनक हुसैन को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया गया था। तीसरा आरोपी रामसजीवन पटेल निवासी करौदिया थाना देवलोंद जिला शहडोल घटना दिनांक से फरार था। उक्त आरोपी पूर्व में भी थाना पपौंध के गांजे के एक प्रकरण में फरार चल रहा था जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु 5000 रूपये के ईनाम की उद्घोषणा की गई थी। आरोपी की गिरफ्तार हेतु पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा थाना प्रभारी को निर्देश दिये गए थे। देवलोंद पुलिस द्वारा सतत् रूप से प्रयास जारी रखा और अंततः बीते गुरूवार 25.07.2024 को उक्त आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी देवलोंद निरीक्षक दिलीप कुमार दाहिया के नेतृत्व में उनि हरिभान परस्ते, प्र0आर0 सुनीत मिश्रा, आरक्षक विनोद तिवारी एवं सायबर सेल से सत्य प्रकाश मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही।



# 15 अगस्त को एक दिन में लगाए जाएंगे 11 हजार पौधे

**शहर को हरा-भरा बनाने एक पेड़ मां के नाम लगाने महापौर ने की अपील**

**उमेश कुशवाहा । सिटी चीफ ।**

सतना, एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत सतना शहर को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से शहर में एक दिन में 11 हजार पौधों का रोपण 11,000 लोगों द्वारा किया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए रूपरेखा तैयार करने के उद्देश्य से 28 जुलाई को प्रात- साढे 11 बजे टाउन हाल में नगर निगम द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया है। महापौर योगेश ताम्रकार द्वारा आयोजित इस बैठक में सतना नगर के समस्त प्रबुद्ध व आम नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। महापौर योगेश ताम्रकार ने बताया कि आगामी सतना को हरा-भरा बनाने के उद्देश से 15 अगस्त को शहर में एक साथ 11 हजार लोगों द्वारा 11,000 पौधे लगाए जाएंगे। इन पौधों को लगाने के साथ-साथ इनके संवर्धन की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। प्रयास होगा कि अभियान के साथ लोगों का सीधा जुड़ाव हो। इसके लिए लोगों से स्वयं पौधे लगवाए जाएंगे और उनके संवर्धन की जिम्मेदारी उन्हें दी जाएगी। महापौर ने सभी से शहर को हरा-भरा बनाने के लिए एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की।



